हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

शेड्यूल-1 प्रजाति के वन्यजीव हैं मारे गए एनिमल



# 16 नहीं, 35 काले हिरणों की मौत!

हरिभूमि टीम ने की पड़ताल

## जंगल सफारी में मौत का तांडव, अफसर बोले- करेंगे जांच

**मौत के बाद देखने के लिए पहुंचे**

सूत्रों के मुताबिक कानन-पेंडारी से लाए गए दो माउस हिरण के बीमार होने की जानकारी मिलने पर वन्यजीव चिकित्सक बीमार हिरण को देखने के लिए नहीं पहुंचे। माउस हिरण की मौत की जानकारी मिलने पर डॉक्टर हिरण को देखने के लिए पहुंचे। माउस हिरणों की मौत किन कारणों से हुई है, फिलहाल इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

सफारी में लगातार वन्यजीवों की मौत, माउस हिरण के मरने के बाद देखने के लिए पहुंचे वन्यजीव चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

जंगल सफारी में रह रहे 36 में से 16 नहीं, बल्कि 35 काले हिरणों की मौत की खबर आ रही है। इतने हिरणों की मौत के बाद ही सफारी प्रबंधन आनन-फानन में सीडेजए से अनुमति लेकर बिलासपुर कानन-पेंडारी से 40 काले हिरण लेकर आया है ताकि मामले को छिपाया जा सके। इसके साथ ही कानन पेंडारी से लाए गए तीन में से दो माउस हिरणों की मौत की भी बात खुल रही है, जिनका सफारी प्रबंधन ने गुपचुप तरीके से पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार कर दिया है। आशंका है कि सफारी में संक्रमण फैला हो सकता है।

गौरतलब है कि जंगल सफारी में आठ महीने के भीतर काले हिरणों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने की खबर हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशित होने के बाद हरिभूमि की टीम ने पूरे मामले की पड़ताल की, तो सफारी में अगस्त में ही 23 काले हिरणों की मौत होने की जानकारी मिली। काले हिरणों की मौत टीवी से होने की बात जंगल सफारी के डायरेक्टर धम्मशील गणवीर पहले ही बता चुके हैं।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक थोक में काले हिरणों की मौत होने की वजह उपचार में लापरवाही है। कुछ काले हिरणों के बीमार होने की पुष्टि पहले ही हो चुकी ▶▶|शेष पेज 4 पर

### अफसर ने कहा- कार्रवाई करेंगे

काले हिरणों की मौत की खबर प्रकाशित होने के बाद सफारी के डायरेक्टर धम्मशील गणवीर का कहना है कि मामले की जांच की जाएगी। इसके बाद अफसर ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। अफसर वन्यजीव चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई करने पत्र लिखने के बात कह रहे हैं।



जंगल सफारी में चौसिंगा के बाद 16 काले हिरणों की मौत, कानन पेंडारी से मंगाकर छिपाया मामला

### वन्यजीवों की मौत पर जांच की मांग

जंगल सफारी में 35 काले हिरणों की मौत को लेकर वन्यजीव प्रेमी सवाल उठा रहे हैं। वन्यजीव प्रेमी ने सीजेडए की निगरानी में काले हिरणों के साथ माउस हिरण की मौत किन परिस्थितियों में और कैसे हुई, इसकी जांच करने की मांग की है। साथ ही जांच में ऐसे एनजीओ जिनका वन विभाग से किसी भी तरह का संबंध नहीं है, उसे जांच में शामिल करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### 'लापता लेडीज' ऑस्कर के लिए भारत से नामित



**चेन्नई।** किरण राव की 'लापता लेडीज' को ऑस्कर पुरस्कार 2025 के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के तौर पर चुना गया है। 'फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया' ने सोमवार को यहां यह घोषणा की। पितृसत्ता पर हल्के-फुल्के व्यंग्य से भरपूर इस हिंदी फिल्म को 29 फिल्मों में से चुना गया है।

### 'बिग बॉस 18' छह अक्टूबर से होगा शुरू



**नई दिल्ली।** अभिनेता सलमान खान की मेजबानी में आयोजित लोकप्रिय कार्यक्रम ''बिग बॉस'' का 18वां सीजन छह अक्टूबर को शुरू होने वाला है। यह कार्यक्रम कलर्स टीवी चैनल पर प्रसारित होगा और जियो सिनेमा (ओटीटी) पर भी प्रसारित होगा। 'इंस्टाग्राम' पर एक पोस्ट में कार्यक्रम की तिथि की घोषणा की। पोस्ट में एक वीडियो भी संलग्न है।

### पुणे हवाई अड्डे का नाम संत तुकाराम के नाम पर



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने पुणे हवाई अड्डे का नाम जगद्गुरु संत तुकाराम महाराज पुणे अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन करने के प्रस्ताव को सोमवार को मंजूरी दे दी। राज्य सरकार के मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया और प्रस्ताव केंद्र को भेजा जाएगा। राज्य मंत्रिमंडल ने हवाई अड्डे का नाम बदलने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

### कश्मीर में दूसरे चरण के लिए कल मतदान



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार अभियान सोमवार शाम को थम गया। बुधवार 25 सितंबर को मतदान होगा। दूसरे चरण के प्रचार अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां सत्तारूढ़ दल के पक्ष में दो रैली की, वहीं राहुल गांधी ने कांग्रेस और गठबंधन के लिए वोट मांगे। मतदाताओं को लुभाने की कोशिश की।

### बंगाली अभिनेता मनोज की हालत गंभीर



**कोलकाता।** जाने माने बंगाली अभिनेता और प्रख्यात रंगकर्मी मनोज मित्रा को बढ़ती उम्र संबंधी बीमारियों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत बेहद गंभीर है। अभिनेता को सांस लेने में दिक्कत, सोडियम-पोटैशियम का स्तर बिगड़ने तथा स्वास्थ्य संबंधी अन्य परेशानियों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सोमनी के जोरातराई में बड़ा हादसा, रोते-बिलखते पहुंचे परिजन

# तेज बारिश के बीच कड़की बिजली, खंडहर में रुके आठ की मौत, इनमें छह स्कूली बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

सोमवार दोपहर हुए इस हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल भी हुआ है, जिसका इलाज सोमनी स्थित सरकारी अस्पताल में जारी है। यह सभी मृतक सड़क किनारे एक पेड़ के नीचे बने खंडहर में बारिश से बचने के लिए खड़े थे।

जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर जोरातराई इलाके में जोरदार बारिश हो रही थी। इसी बीच परीक्षा देकर लौट रहे स्कूली बच्चों के साथ ही तीन युवक बारिश से बचने के लिए जोरातराई गांव से ठीक पहले स्थित एक खंडहर में ▶▶|शेष पेज 4 पर

*उमस, गर्मी के बीच आकाशीय घटना ने प्रदेश को झकझोर दिया। राजनांदगांव जिले के सोमनी थाने के ग्राम जोरातराई में आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आने से छह स्कूली बच्चों समेत आठ की जान चली गई।*



**परीक्षा से लौटे थे बच्चे**

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार से ही राजनांदगांव जिले के सभी सरकारी स्कूलों में तिमाही परीक्षा की शुरुआत हुई है। आकाशीय बिजली के चपेट में आकर जान गंवाने वाले छह स्कूली बच्चे भी परीक्षा देकर ही घर लौट रहे थे। सभी छह बच्चे मुढ़ीपार स्थित सरकारी स्कूल के विद्यार्थी है, जो करीबन एक बजे स्कूल से निकले थे। रास्ते में बारिश की रफ्तार बढ़ने पर खंडहर के अंदर वे गए थे।



**रोते-बिलखते पहुंचे परिजन**

घटना के बाद भी काफी देर तक यह साफ नहीं हो पा रहा था कि किन बच्चों की मौत हुई है। जिन बच्चो की पहचान हुई उनके परिजनों को मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने फोन से सूचना दी। अधिकांश बच्चों के माता-पिता रोजी मजदूरी ▶▶|शेष पेज 4 पर

### मौके पर पहुंचा प्रशासन

करीबन पौने दो बजे घटना की सूचना सोमनी थाना को दी गई, जिसके बाद यह जानकारी एसपी-कलेक्टर तक पहुंची। आठ लोगों की मौत की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अफसरो का मौके पर पहुंचने का सिलसिला भी शुरू हो गया था। सबसे पहले एसडीएम व सीएसपी घटनास्थल पहुंचे, कुछ देर बाद कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी मोहित गर्ग सहित अन्य अफसर भी मौके पर पहुंचकर राहत कार्य प्रारंभ किया। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव भी घटना स्थल पहुंचे। सांसद संतोष पांडे ने मेडिकल कालेज पहुंचकर परिजनों को ढांढस बांधा।

### सीएम-विस अध्यक्ष ने जताई संवेदना

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए गए।

### इनकी गई जान

- रवि पटेल पुत्र कुमलेश पटेल, मनगटा
- परस साहू पुत्र लूणकरण साहू, मनगटा
- शशिकांत साहू पुत्र चंदू साहू, मनगटा
- पीयूष साहू पुत्र फेरू साहू मनगटा
- नितिन पुत्र दिनेश धनकर, जोरातराई
- चुरामन पुत्र बोधन देवांगन, बोरी जोरातराई
- अनिल साहू पुत्र पीतांबर साहू, जोरातराई
- परदेशी विश्वकर्मा, कोपेडीह

### इधर, तीन ग्रामीण भी आए चपेट में, 1 की मौत

आकाशीय बिजली गिरने से ग्राम कोपेडीह में काम कर रहे तीन ग्रामीण चपेट में आ गए। जिससे एक की मौत होने की खबर है। सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को ग्राम कोपेडीह में दोपहर लगभग डेढ़-दो बजे करीब अचानक बारिश ▶▶|शेष पेज 4 पर

**आंखों देखी**

### बारिश से बचने बैठे थे चार बार चमकी बिजली



राजनांदगांव। जोरातराई में बिजली गिरने से हुए हादसे में एक अधेड़ घायल भी हुआ है। घायल अधेड़ रमेश नेताम ने हरिभूमि को बताया कि वह अपने दो अन्य साथियो के साथ दुर्ग जा रहा था। जोरातराई से पहले बारिश तेज होने पर वे तीनो घटनास्थल में खंडहर में रुके थे। उनके अलावा छह स्कूली बच्चे भी थे, इसी दौरान चार बार बिजली की गरज सुनाई दी। चौथी बार गरज में आवाज सर्वाधिक थी, इसी में सभी बिजली के चपेट में आ गए। वह तीन लोगों के नीचे दब गया था, करीबन 10-15 मिनट बाद होश आने पर उसने मदद के लिए आवाज लगाना शुरु किया। आवाज सुनकर एक युवक आया और उसने उसे बाहर निकालकर पानी पिलाया। इस हादसे में उसके दो साथी व छह अन्य स्कूली बच्चो की मौत हो गई।

### मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 की विनर बनीं रिया



**जयपुर।** रिया सिंघा को मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का ताज पहनाया गया। वह वैश्विक मिस यूनिवर्स 2024 प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। फाइनल राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित किया गया था।

## माड़ में मुठभेड़, महिला समेत तीन नक्सली ढेर

- नारायणपुर-महाराष्ट्र सीमा में सुरक्षाबलों के साथ अपरान्ह 4 बजे हुई मुठभेड़
- सुरक्षा बलों ने तीन ऑटोमैटिक हथियार भी किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नारायणपुर जिले से लगी महाराष्ट्र सीमा पर सोमवार अपरान्ह हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक महिला समेत तीन वर्दीधारी माओवादियों को मार गिराया है। मौके से तीन ऑटोमेटिक हथियार के साथ शव व भारी मात्रा में गोला बारूद व नक्सल सामग्री बरामद की गई है। आईजी सुंदरराज पी ने ▶▶|शेष पेज 4 पर

### गृहमंत्री के ऐलान के बाद सुरक्षाबलों को मिल रही सफलता

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई अब निर्णायक स्थिति में नजर आने लगी है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे के ऐलान के बाद लगातार बस्तर के अलग-अलग जिलों में सुरक्षाबलों ने बड़े ऑपरेशन कर नक्सली संगठनों की कमर तोड़नी शुरू कर दी है। ▶▶|शेष पेज 4 पर

इजरायल में एक हफ्ते का आपातकाल

## हिजबुल्ला के 300 ठिकानों पर बमबारी, 274 की मौत

**100** से अधिक रॉकेट मिसाइल दागे **700** से अधिक घायल



एजेंसी ▶▶| यरुशलम

इजरायल ने लेबनान में हिजबुल्ला पर मौत बरसाई। सोमवार को सोमवार को इजरायल ने लेबनान पर फिर से बड़ा हमला किया। इसमें 274 लोगों की जान गई और 700 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इधर, इजरायल ने एक हफ्ते के लिए आपातकाल का ऐलान किया है। डिफेंस फोर्स ने बताया कि उसने हिजबुल्ला के 300 से ज्यादा ठिकानों पर हमला किया। लेबनान के सिडोन के ▶▶|शेष पेज 4 पर

**गांव छोड़कर जाने का संदेश**

लेबनान की मीडिया की खबर के अनुसार निवासियों को संदेश मिले हैं जिसमें उनसे अगली सूचना तक ऐसी किसी भी इमारत से चले जाने का अनुरोध किया गया है जहां हिजबुल्ला ने हथियार जमा कर रखे हैं। लेबनान की मीडिया के अनुसार, अरबी भाषा में लिखे संदेश में कहा गया है, अगर आप ऐसी इमारत में हैं जहां हिजबुल्ला ने हथियार रखे हैं तो अगली सूचना तक उस गांव को छोड़कर चले जाइए।

### लेबनान पीएम ने बताया नरसंहार

इजरायल बीते पांच दिनों से लेबनान पर हमले कर रहा है। लेबनान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने इस हमले को नरसंहार बताया है। बेरूत में कैबिनेट बैठक में पीएम नजीब मिकाती ने कहा, इजरायली हमलों का उद्देश्य लेबनान के कस्बों और गांवों को नष्ट करना है। इजरायल कह रहा है कि वो हिज्बुल्लाह के हथियारों वाली इमारतो को निशाना बना रहा है, उसका लक्ष्य है खुद पर हमला होने से पहले उन हथियारों को नष्ट करना।

### अटूट नहीं है हमारा धैर्य

इजरायल सरकार के प्रवक्ता डेविड मेनसर ने एक दैनिक टेलीविजन से बातचीत में कहा कि इजरायल का धैर्य अटूट नहीं है। हिजबुल्ला के साथ जारी झड़पों के बीच वो बोले, इजरायल पर हिजबुल्ला ने 9,000 से अधिक रॉकेट दागे थे। 325 इजरायली घायल हुए, बच्चों सहित 48 लोगों की जान गई। आईडीएफ ही था जिसने हवाई हमले से पहले लेबनान के निवासियों से जगह खाली करने की अपील की थी।

## बदलापुर केस का 'बदला' पूरा मुठभेड़ में मारा गया आरोपी



एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र में ठाणे जिले के बदलापुर कस्बे के एक स्कूल में दो बच्चियों का यौन शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने एक पुलिसकर्मी पर गोली चलाई और जवाबी गोलीबारी में वह मारा गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्कूल में ▶▶|शेष पेज 4 पर

- पुलिसकर्मी पर पहले चलाई गोली

### दो छात्राओं से यौन उत्पीड़न का आरोप

बदलापुर के एक स्कूल में सफाई कर्मचारी के तौर पर काम करने वाले 23 साल के अक्षय शिंदे को पुलिस ने 17 अगस्त को स्कूल के शौचालय में 4 साल की दो छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया था। यौन उत्पीड़न के बाद बदलापुर और महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हुए थे।

## गांजा पीने मांगे 50 रुपए, नहीं दिए तो लूट की कोशिश, फिर चाकू से गोद डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा मरीन ड्राइव में हफ्तेभर में दूसरी हत्या हो गई। सरगुजा कलेक्टर कार्यालय के एक ड्राइवर को सोमवार तड़के पौने-चार बजे के करीब तीन स्कूटर सवार बदमाशों ने लूट की नीयत से चाकू से गोद डाला। पुलिस ने हत्या के आरोप में रोहित बघेल, हरिश बघेल, सूरज उर्फ खिड़की को गिरफ्तार किया है। पुलिस को आरोपियों के एक्टिवा से भागने का सीसीटीवी फूटेज मिला था। मरीन ड्राइव में एक सप्ताह के भीतर हत्या की ▶▶|शेष पेज 4 पर

### तड़के मरीन ड्राइव में वारदात तीन आरोपी गिरफ्तार

- मैनपाट से आए भांजा को मिलने मरीन ड्राइव बुलवाया था
- सरगुजा कलेक्टर कार्यालय में ड्राइवर था मृतक युवक



**निजी अस्पताल से आंबेडकर ले जाने के दौरान मौतः** एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पुलिस टीम पहुंच गई। गंभीर ▶▶|शेष पेज 4 पर

### 50 रुपए नहीं देने पर चाकू घोंपकर हत्या

मृतक के भांजा ने पुलिस को बताया है, वह मरीन ड्राइव के पास अपने मामा से बात कर रहा था, इस दौरान एक्टिवा सवार तीन लड़के उसके पास पहुंचे और गांजा पीने 50 रुपए देने की मांग की। ईश्वर ने पैसा नहीं होने की बात कही, इस पर बदमाश उसके साथ गाली-गलौज करते हुए जेब चेक करने लगे। ईश्वर के भांजा ने विरोध ▶▶|शेष पेज 4 पर

मंत्रोच्चार के बीच भगवान से मांगी गई माफी

## तिरुपति मंदिर का शुद्धिकरण, चार घंटे तक विशेष अनुष्ठान

एजेंसी ▶▶| तिरुपति

तिरुमला मंदिर में हुए कथित अपवित्रीकरण के बाद शुद्धिकरण के लिए चार घंटे का 'शांति होमम्- पंचगव्य प्रोक्षण' (शुद्धिकरण अनुष्ठान) किया गया। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के एक सूत्र ने इस बात की पुष्टि की कि अनुष्ठान सुबह छह बजे से 10 बजे तक चला। उन्होंने कहा कि अनुष्ठान का उद्देश्य तिरुपति के लड्डुओं और अन्य को बनाने में पशु चर्बी के उपयोग जैसे कथित कृत्यों से हुए अपवित्रीकरण के बाद मंदिर का शुद्धिकरण करना है।

### बाहर के प्रसाद पर रोक

देश के कई मंदिरों ने अब बाहर से आने वाले प्रसाद को भगवान पर अर्पित करने पर रोक लगा दी है। लखनऊ के प्रसिद्ध मनकामेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा बाहर से लाकर प्रसाद चढ़ाने पर रोक लगा दी गई है। मंदिर प्रशासन ने भक्तों से आग्रह किया है कि वे घर के बने हुए प्रसाद या सूखे मेवे का ही भोग लगाएं।



**कोर्ट से स्वतः संज्ञान लेने की अपीलः** विहिप ने सुप्रीम कोर्ट से तिरुपति के लड्डुओं में मिलावट के आरोपों का स्वतः संज्ञान लेने और दोषियों का पता लगाने के लिए जांच शुरू करने की सोमवार को अपील की। विहिप के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की तिरुपति में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। विहिप ने एक विज्ञप्ति में कहा, सुप्रीम को इस मामले का स्वतः संज्ञान लेना चाहिए तथा एक निश्चित समयावधि में इसकी जांच कर इस अक्षम्य अपराध के दोषियों की पहचान करनी चाहिए तथा उन्हें कड़ी सजा देनी चाहिए।

### मथुरा-वृंदावन के दुकानों से लिए गए सैंपल

तिरुपति की घटना के बाद मथुरा में भी खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग सक्रिय हो गया। पिछले 48 घंटों में अलग-अलग जगहों पर से प्रसाद के रूप में बिक रहे पदार्थों के कुल 13 सैंपल जमा कर लैब भेजे गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि, वृंदावन के ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर एवं गोवर्धन के दानघाटी मंदिर के बाहर स्थित दुकानों पर से ये सैम्पल लिए गए हैं।

# हरियाणा को नहीं मिली अब तक कोई महिला मुख्यमंत्री

## 1966 में पंजाब से अलग होकर बना है यह राज्य
## खराब लैंगिक अनुपात के लिए चर्चा में रहा है हमेशा

*गुरुग्राम/रेवाड़ी। हरियाणा चुनाव में अभी तक पुरुषों का ही दबदबा कायम रहा है और इस बार भी विधानसभा चुनाव में सिर्फ 51 महिला उम्मीदवार मैदान में हैं। प्रमुख राजनीतिक दलों ने जिन महिला उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है, उनमें से अधिकतर का या तो राजनीतिक परिवार से नाता है या फिर वे कोई चर्चित चेहरा हैं। हरियाणा के 1966 में पंजाब से अलग होकर राज्य बनने के बाद से विधानसभा में अभी तक केवल 87 महिलाएं चुनकर पहुंची हैं। हरियाणा अपने खराब लैंगिक अनुपात के लिए हमेशा चर्चा में रहा है और यहां अभी तक कभी कोई महिला मुख्यमंत्री नहीं बनी है।*

### केवल 87 महिलाएं ही पहुंची हैं अब तक विधानसभा

मौजूदा चुनाव में उम्मीदवारों की सूची पर गौर करने से पता चलता है कि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने सबसे अधिक 12 महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। इसके बाद गठबंधन में चुनाव लड़ रहे भारतीय राष्ट्रीय लोकदल (इनेलो) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने संयुक्त रूप से 11 महिला उम्मीदवारों, जबकि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 10 महिला उम्मीदवारों का टिकट दिया है। जननायक जनता पार्टी (जजपा) और आजाद समाज पार्टी (आसपा) का गठबंधन 85 सीट पर चुनाव लड़ रहा है और केवल आठ पर महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया है। आम आदमी पार्टी (आप) की 90 उम्मीदवारों की सूची में 10 महिलाएं शामिल हैं।

**कांग्रेस ने सर्वाधिक 12 उम्मीदवारों को उतारा मैदान पर**



### राज्य का विषम लैंगिक अनुपात

*हरियाणा विधानसभा के रिकॉर्ड के अनुसार, वर्ष 2000 से अभी तक हुए पांच विधानसभा चुनाव में कुल 47 महिलाएं राज्य में विधायक चुनी गईं। राज्य अपने विषम लैंगिक अनुपात के लिए बदनाम है, वर्ष 2023 में यहां प्रति 1,000 लड़कों पर 916 लड़कियां थीं। वर्ष 2019 के चुनाव में 104 महिला उम्मीदवार मैदान में थीं, जिनमें निर्दलीय उम्मीदवार भी शामिल हैं। वर्ष 2014 के चुनाव में सबसे अधिक 116 महिला उम्मीदवार मैदान में थीं जिनमें से 13 ने जीत दर्ज की थी। 2019 के चुनाव में यह संख्या घटकर नौ रह गई।*




### ये हैं महिलाओं की चर्चित सीट

हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान पांच अक्टूबर को होगा। परिणाम आठ अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। इस बार के चुनावी मुकाबले में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती सिंह राव भी मैदान में हैं, जो भाजपा की टिकट पर पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। इस साल की शुरुआत में कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुईं पूर्व मुख्यमंत्री बंसी लाल की पोती श्रुति चौधरी तोशम से चुनाव लड़ रही हैं। चार बार की कांग्रेस विधायक और राज्य की पूर्व शिक्षा मंत्री गीता भुक्कल झज्जर से चुनाव लड़ रही हैं। जींद जिले के जुलाना में कांग्रेस की ओर से कुश्ती खिलाड़ी विनेश फोगाट मैदान में हैं। यौन उत्पीड़न विरोधी प्रदर्शन का चेहरा बन चुकी फोगाट ने पेरिस 2024 के ओलंपिक में स्वर्ण पदक के अभियान से चूकने के बाद खेल से संन्यास ले लिया था। फोगाट का मुकाबला 'आप' की कविता दलाल से है, जो डब्ल्यूडब्ल्यूई में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान हैं। चुनाव का सबसे चर्चित चेहरा एशिया की सबसे अमीर एवं ओपी जिंदल समूह की चेयरपर्सन सावित्री जिंदल (74) हैं। जिंदल को भाजपा से टिकट मिलने की उम्मीद थी, लेकिन वह निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ रही हैं।

## खबर संक्षेप

### एमपॉक्स : घातक वेरियंट का भारत में आया पहला मामला

**नयी दिल्ली।** एमपॉक्स वायरस के जिस स्वरूप (स्ट्रेन) को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पिछले महीने सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था, भारत में उसका पहला मामला सामने आया है और पिछले सप्ताह केरल में एक व्यक्ति के इससे संक्रमित होने की पुष्टि हुई। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मल्लपुरम निवासी 38 वर्षीय व्यक्ति को 'क्लेड 1बी स्ट्रेन' से संक्रमण का पता चला है जो हाल में संयुक्त अरब अमीरात से लौटा है।



### लेफ्टिनेंट जनरल आसिम बने आईएसआई के नए प्रमुख

**इस्लामाबाद।** लेफ्टिनेंट जनरल मुहम्मद आसिम मलिक को पाकिस्तान की गुप्तचर एजेंसी - इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया है। सरकारी टेलीविजन ने सोमवार को यह घोषणा की। लेफ्टिनेंट जनरल मलिक वर्तमान में रावलपिंडी स्थित सैन्य मुख्यालय में एक सहायक जनरल के रूप में कार्यरत हैं। वह 30 सितंबर को अपना नया कार्यभार संभालेंगे और मौजूदा महानिदेशक (डीजी) लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अंजुम की जगह लेंगे।



### बम्बई उच्च न्यायालय के नये परिसर की आधारशिला

**मुंबई।** भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को मुंबई के बांद्रा क्षेत्र में बम्बई उच्च न्यायालय के नये परिसर की आधारशिला रखी। उच्च न्यायालय भवन के पत्थरों को नींव में शामिल किया जाएगा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार, उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय समारोह में शामिल हुए। उच्च न्यायालय के नये परिसर में विशाल अदालत कक्ष, न्यायाधीशों और रजिस्ट्री कर्मियों के लिए कक्ष, एक मध्यस्थता केंद्र, एक सभागार, पुस्तकालय तथा कर्मचारियों, वकीलों और वादियों के लिए अनेक सुविधाएं होंगी।

**हरियाणा की चुनावी सभा में गृहमंत्री अमित शाह ने किया प्रहार**

# 'दलित विरोधी पार्टी है कांग्रेस कुमारी सैलजा का अपमान किया'

एजेंसी ▸▸| चंडीगढ़

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए इसे दलित विरोधी पार्टी बताया है और कहा है कि इसने कुमारी सैलजा और अशोक तंवर जैसे दलित नेताओं का अपमान किया है। अमित शाह ने आरक्षण पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी पर भी निशाना साधा और कहा है कि अगर कोई आरक्षण की रक्षा कर सकता है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। अमित शाह हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए टोहाना में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। हरियाणा में 5 अक्टूबर को चुनाव होने हैं।अमित शाह ने अपने भाषण के दौरान कहा, "कांग्रेस पार्टी दलित विरोधी पार्टी है। कांग्रेस ने हमेशा दलित नेताओं का अपमान किया है, चाहे वह अशोक तंवर हों या बहन कुमारी सैलजा। कांग्रेस ने सभी का अपमान किया है।" केंद्रीय गृह मंत्री ने आगे कहा, "जब कांग्रेस की



सरकारें थीं दिल्ली के दामाद को खुश करने के लिए हरियाणा किसानों की भूमि कौड़ी के मोल बिकी। हुड्डा साहब की सरकार में, डीलरों का बहुत दबदबा था, दामाद का दबदबा था और भ्रष्टाचारियों का दबदबा था। भाजपा ने डीलर और दामाद की सरकार को खत्म कर दिया है।

### राहुल पर भी साधा निशाना

केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने राहुल गांधी के अमेरिका में दिए बयान पर कहा, "पूरा देश सिख गुरुओं पर नाज करता है। हर घर में नानक देव महाराज की तस्वीर लगी है और ये राहुल बाबा कहते हैं कि सिखों को भारत में पगड़ी पहनने की स्वतंत्रता नहीं है, सिखों को भारत में कड़ा पहनने की स्वतंत्रता नहीं है, गुरुद्वारा जाने की इजाजत नहीं है। राहुल बाबा, आप किस भारत की बात कर रहे हैं। यहां हम सब शान से पगड़ी बांधकर गुरुग्रंथ साहब के सामने मत्था टेकते हैं। शाह ने आगे कहा, "सिख पंथ का अपमान करने का आपका इतिहास रहा है। दिल्ली के दंगों में आपकी सरकार के दौरान सड़कों पर हजारों सिखों का कत्ल-ए आम-हुआ। यहां तक कि बच्चों और माताओं को भी नहीं बख्शा गया। राहुल बाबा, अगर आप कुछ करना चाहते हैं, तो पगड़ी पहनें, गुरुद्वारा जाएं और हमारे सिख भाइयों से माफ़ी मांगें।'

## 'मेरी रगों में कांग्रेस का खून न्योता और नसीहत न दें'

### भाजपा के ऑफर पर सैलजा की दो टूक



हरियाणा विधानसभा चुनावों के बीच कांग्रेस महासचिव और सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने अपनी नाराजगी की खबरों के बीच दो टूक कहा है कि उनकी रगों में कांग्रेस का खून है और वह कांग्रेसी ही रहेंगी। 61 वर्षीय दलित नेता का यह बयान तब आया है, जब राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने उन्हें भाजपा में शामिल होने का न्योता दिया है। इस तरह से कुमारी सैलजा ने पूर्व सीएम खट्टर का न्योता ठुकरा दिया है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व के साथ बैठक को लेकर कहा कि शीर्ष नेताओं के साथ अक्सर चर्चा होती रहती है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा ने पीटीआई से कहा, "पार्टी में 100 तरह की बातें होती हैं, लेकिन वो पार्टी के अंदर की बातें होती हैं। पार्टी को जिताने के लिए हमने लोकसभा चुनाव में मेहनत की, उसके बाद भी मेहनत की, इसलिए कि हम जमीन पर कांग्रेस पार्टी को मजबूत कर सकें। हरियाणा के लोगों की लड़ाई लड़ें, अपने कार्यकर्ताओं की लड़ाई लड़ें।'सैलजा का कहना था, "हमें उसी काम को आगे ले जाते हुए कांग्रेस की सरकार बनानी है।'

### 26 को नरवाना से करेंगी प्रचार की शुरुआत

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** चुनाव जब पूरे शबाब पर हो ऐसे में खींचातानी कांग्रेस पार्टी का पुराना शगल रहा है। पार्टी को कई मौकों पर विभिन्न प्रदेशों में इसका नुकसान उठाना पडा है, यही वजह है कि हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को लेकर राज्यसभा सांसद पार्टी की वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा ने आंखें तरेरी तो आलाकमान तुरंत हरकत में आया। शीर्ष नेतृत्व की समझाइश पर सैलजा ने 26 को नरवाना से कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए प्रचार की शुरूआत फिर से करेंगी। सार्वजनिक तौर पर भले ही सैलजा या हुड्डा स्वीकार न करें लेकिन तनातनी की खबरे हैं।

# 'मोदीजी का कॉन्फिडेंस खत्म हो चुका है, हमने तोड़ दिया उनकी साइकोलॉजी को'

**राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर में बीजेपी पर जमकर साधा निशाना**



एजेंसी ▸▸| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद अब दूसरे चरण के लिए प्रचार तेज हो गया है। श्रीनगर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा और कहा कि आज विपक्ष जो भी करवाना चाहता है, वही होता है। राहुल गांधी ने कहा,"मोदी सरकार कानून लाती है, हम उनके सामने खड़े हो जाते हैं, फिर वे यू-टर्न ले लेते हैं। नरेंद्र मोदी का कॉन्फिडेंस खत्म हो चुका है। उनकी साइकोलॉजी को हमने तोड़ दिया है। नरेंद्र मोदी पहले जैसे थे, वे अब वैसे नहीं रहे।" कांग्रेस नेता ने आगे कहा,"भाजपा-आरएसएस के लोग पूरे देश में नफरत और हिंसा फैलाते हैं। ये पूरे देश में भाई को भाई से लड़ाते हैं। इनकी राजनीति भी नफरत की है। हम सब जानते हैं कि नफरत को नफरत से नहीं काटा जा सकता है। नफरत को सिर्फ मोहब्बत से ही ख़त्म किया जा सकता है।" राहुल की पुंछ में भी सभा थी। यहां एक जनसभा के दौरान उन्होंने कहा, भारत में एक केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) को बदलकर राज्य बना दिया गया है। एक राज्य के दो हिस्से भी कर दिए गए हैं। लेकिन भारत के इतिहास में पहली बार यहां एक राज्य को बदलकर केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) बना दिया गया है।

### मोदी ने पूरे देश में फैला रखी बेरोजगारी

गांधी ने आगे कहा,"नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में बेरोजगारी फैला रखी है। ये केवल देश के दो-तीन अरबपतियों को फायदा पहुंचाते हैं। एक तरफ मोदी सरकार ने चंद अरबपतियों का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया। दूसरी तरफ नोटबंदी और गलत जीएसटी लागू कर छोटे व्यापारियों को ख़त्म कर दिया। इसका नतीजा ये हुआ कि आज देश में कहीं भी रोजगार नहीं बन पा रहे हैं।"

**इजराइल-हमास संघर्ष पर पीएम मोदी का सुझाव**

# बातचीत व कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान

### न्यूयॉर्क में फिलिस्तीन, कुवैत और नेपाल के राष्ट्राध्यक्षों के साथ की द्विपक्षीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास युद्ध के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते रविवार को न्यूयॉर्क में फिलिस्तीन, कुवैत और नेपाल के राष्ट्राध्यक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इसमें फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास के साथ हुई बैठक में पीएम मोदी ने इजराइल-फिलिस्तीन मामले पर समय-समय पर भारत के जांचे-परखे सैद्धांतिक पक्ष को दोहराते हुए संघर्षविराम, बंधकों की रिहाई और बातचीत व कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान किया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम मोदी ने जोर देते हुए कहा कि केवल दो राज्य समाधान के जरिए ही क्षेत्र में शांति और स्थिरता लौट सकती है।





### कुवैत के क्राउन प्रिंस को दिया धन्यवाद

प्रधानमंत्री ने न्यूयॉर्क में कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबा खालिद अल सबाह के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इसमें उन्होंने क्राउन प्रिंस को कुवैत में भारतीय समुदाय की भलाई सुनिश्चित करने के लिए धन्यवाद दिया। जो कुवैत में सबसे बड़ा प्रवासी समूह है।

### नेपाल संग संबंधों की समीक्षा

मंत्रालय के मुताबिक, नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी.शर्मा ओली के साथ बैठक में दोनों नेताओं ने गहरे अनोखे द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और विविध क्षेत्रों में जारी प्रगति को लेकर संतोष जाहिर किया। इसमें विकास भागीदारी, हाइड्रोपावर सहयोग, कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना और लोगों का लोगों से संबंध और ऊर्जा जैसे क्षेत्र शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने नेपाल को भारत की पड़ोस सबसे पहले नीति के तहत मुख्य भागीदार बताया।

### मैरिटल रेप पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

**नई दिल्ली।** कर्नाटक हाईकोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट के दो फैसलों के खिलाफ मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है। इसके अलावा कई और जनहित या चि का एं दायर की गईं थीं। पत्नी के साथ जबरन संबंध बनाने पर पति के खिलाफ केस चलना चाहिए या नहीं, इस पर मंगलवार 24 सितंबरको सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच इस पर सुनवाई करेगी। कर्नाटक हाईकोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट के दो फैसलों के खिलाफ मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है। इसके अलावा कई और जनहित याचिकाएं दायर की गईं थीं।



## झारखंड में मधुमक्खियों ने 3 बच्चों समेत 4 को मार डाला

एजेंसी ▸▸| रांची

झारखंड के रांची से दर्दनाक खबर सामने आई है। यहां मधुमक्खी के काटने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई है। घटना तुपुदान थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। मृतकों में एक महिला और तीन बच्चे शामिल है। घटना 21 सितंबर की बताई जा रही है। पीड़िता के पति सुनिल बारला ने बताया कि उसकी पत्नी अपने बच्चों के साथ तुपुदान थाना क्षेत्र के हरदाग गढ़ा टोली इलाके में स्थित अपने मायके गई थी। शनिवार को वह एक कुएं के पास नहाने गए थे। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया जिसमें चारों की मौत हो गई।







**ऑस्कर 2025 में फिर जुड़ी हैं भारतीयों की उम्मीदें**

# 'एनिमल' और 'अट्टम' को पछाड़कर हुआ चयन

एजेंसी ▸▸| चेन्नई

.साल का वह समय आ गया है जब हम अपनी सारी उम्मीदें उस एक फिल्म पर टिका देते हैं, जो शायद किसी भारतीय फिल्म को बेस्ट विदेशी फिल्म का ऑस्कर जीतने का लंबे समय से इंतजार खत्म कर दे। चेन्नई में एक कार्यक्रम में, 97वें अकादमी पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म श्रेणी के लिए ऑफिशियल एंट्री का चयन करने वाली संस्था, द फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया के सदस्यों ने अकादमी पुरस्कारों में भारत की ऑफिशियल एंट्री के रूप में लापता लेडीज की घोषणा की। इस फिल्म का निर्देशन किरण राव ने किया था और इसका निर्माण आमिर खान ने किया था। इसमें प्रतिभा रांता, स्पर्श श्रीवास्तव और नितांशी गोयल ने अभिनय किया था।

***किरण राव की फिल्म है लापता लेडीज***





**'नाटू नाटू' ने जीता था अवार्ड :** 95वें संस्करण में भारत ने बेहतर प्रदर्शन किया, उस समय एसएस राजामौली की आरआरआर के नाटू नाटू गाने ने बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग के लिए अकादमी पुरस्कार मिला था। कार्तिकी गोंजाल्विस और गुनीत मोंगा की डॉक्यूमेंट्री, द एलीफेंट व्हिस्परर्स ने बेस्ट डॉक्यूमेंट्री (शॉर्ट) की कैटेगरी में जीत हासिल की थी। वहीं, शौनक सेन की ऑल दैट ब्रीथ्स बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फीचर की फाइनल लिस्ट में जगह बनाने में सफल थी।

### यह सम्मान पूरी टीम के हार्ड वर्क का प्रमाण : किरण राव

आरआईएल के मीडिया और कंटेंट बिजनेस की अध्यक्ष ज्योति देशपांडे ने कहा कि 'लापता लेडीज'थिएटर रन के बाद ओटीटी पर दुनिया भर में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्मों में से एक है। 'लापता लेडीज' की ऑस्कर में ऑफिशियल एंट्री होने के बाद फिल्म की डायरेक्टर किरण राव ने भी इस पर खुशी जाहिर की है। फिल्म की डायरेक्टर ने कहा कि मैं बेहद सम्मानित और खुश हूं कि हमारी फिल्म 'लापता लेडीज' को अकादमी पुरस्कारों में भारत की ऑफिशियल एंट्री के रूप में चुना गया है। यह सम्मान मेरी पूरी टीम के हार्ड वर्क का प्रमाण है, जिनके समर्पण और जुनून ने इस कहानी को जीवंत कर दिया। सिनेमा हमेशा दिलों को जोड़ने, सीमाओं को पार करने और सार्थक बातचीत को प्रज्वलित करने का एक पावरफुल मीडियम माध्यम रहा है। मुझे उम्मीद है कि यह फिल्म दुनिया भर के दर्शकों को पसंद आएगी, जैसा कि भारत में आई।

### भेजी गई थीं 29 फिल्में

बता दें कि इस साल निर्माताओं ने ऑस्कर में एंट्री लेने के लिए हिंदी, साउथ और मराठी को मिलाकर 29 फिल्मों को भेजा था, जिसमें हनु-मान, कल्कि 2898 एडी, एनिमल, चंदू चैंपियन, सैम बहादुर, स्वातंत्र्य वीर सावरकर, गुड लक, घराट गणपति, मैदान, जोरम, कोट्टुकाली, आर्टिकल 370, अट्टम, शामिल थीं। वहीं, लापता लेडीज के अलावा थंगालान, वाजहाई, उल्लोझुक्कू और श्रीकांत टॉप 5 फिल्मों में शामिल हुई थीं।

रायपुर
मंगलवार 24 सितंबर 2024
आश्विन कृष्ण पक्ष सप्तमी
वर्ष : 23, अंक : 69
पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 35.2
न्यून. 25.4

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाले भारत की विकास यात्रा में बने भागीदार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछले 21 सितंबर से शुरू हुई अमेरिका यात्रा सोमवार को अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गई है। उन्होंने न्यूयॉर्क में अमेरिका की विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र की प्रमुख डेढ़ दर्जन कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ रविवार को लोटे न्यूयॉर्क पैलेस होटल में एक गोलमेज बैठक ⏭ शेष पेज 4 पर

### पिचाई समेत 15 सीईओ

*पीएम मोदी के साथ बैठक में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, एडोब के प्रेसीडेंट और सीईओ शांतनु नारायण, आईबीएम के सीईओ अरविंद कृष्णा, एएमडी की प्रेसीडेंट और सीईओ लिसा सु,* ⏭ शेष पेज 4 पर

# पीएम मोदी बोले-मानवता की सफलता सामूहिक शक्ति में, युद्ध के मैदान में नहीं

एजेंसी ⏭ संयुक्त राष्ट्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन में कहा कि मानवता की सफलता युद्ध के मैदान में नहीं, बल्कि सामूहिक शक्ति में निहित है। संयुक्त राष्ट्र महासभा हॉल के प्रतिष्ठित मंच से विश्व नेताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत नमस्कार से की। उन्होंने कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र में 1.4 अरब भारतीयों या मानवता के छठे हिस्से की आवाज लेकर आए हैं। 'भविष्य के ⏭ शेष पेज 4 पर

## प्रधानमंत्री ने यूएन में दिखाई भारत की ताकत, विश्व के नेताओं को किया संबोधित

### आतंकवाद पर वैश्विक कार्रवाई का आह्वान

मोदी ने वैश्विक कार्रवाई का भी आह्वान किया, क्योंकि विश्व आतंकवाद के खतरे के साथ-साथ नई चुनौतियों से भी जूझ रहा है। उन्होंने कहा, आतंकवाद वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है, वहीं साइबर, समुद्री और अंतरिक्ष संघर्ष के नए क्षेत्र के रूप में उभर रहे हैं।



### 25 करोड़ को गरीबी से बाहर निकाला

पीएम मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। यह प्रदर्शित किया है कि सतत विकास सफल हो सकता है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत अपनी सफलता के इस अनुभव को पूरे 'ग्लोबल साउथ' के साथ साझा करने के लिए तैयार है।

### मानव-केंद्रित दृष्टिकोण को प्राथमिकता देने की अपील

पीएम मोदी ने कहा कि जब हम वैश्विक भविष्य पर चर्चा कर रहे हैं, तो हमें मानव-केंद्रित दृष्टिकोण को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। मोदी ने कहा कि सतत विकास को प्राथमिकता देते हुए, हमें मानव कल्याण, खाद्य और स्वास्थ्य सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने प्रौद्योगिकी के सुरक्षित और जिम्मेदारी से उपयोग के लिए वैश्विक स्तर पर संतुलित विनियमन की आवश्यकता पर भी बल दिया।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### दिसानायके ने श्रीलंका राष्ट्रपति की ली शपथ

**कोलंबो।** अनुरा कुमारा दिसानायके ने सोमवार को श्रीलंका के नौंवे राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली।



उनसे देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने और भ्रष्टाचार खत्म करने की उम्मीदें हैं। प्रधान न्यायाधीश जयंत जयसूर्या ने राष्ट्रपति सचिवालय में दिसानायके (65) को शपथ दिलाई।

### ईपीएफओ ने जुलाई में जोड़े 20 लाख नए सदस्य

**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ से इस साल जुलाई में 19.94 लाख सदस्य जुड़े हैं। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने बताया कि 10.52 लाख नए या पहली बार काम करने वाले लोग कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़े।

### बस पुल से नीचे गिरी, चार की मौत

**अमरावती।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले में सोमवार को एक बस के एक नाले पर बने पुल से गिर जाने के कारण उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई।



हादसे में सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना सुबह करीब आठ बजे परतवाड़ा-धारणी मार्ग पर सेमाडोह गांव के पास हुई। बस में 45 यात्री सवार थे।

### यूपीएससी अभ्यर्थी का सड़ा-गला शव बरामद

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली में मुखर्जी नगर इलाके के एक वन क्षेत्र में एक सिविल सेवा अभ्यर्थी का सड़ा-गला शव पेड़ से लटका मिला। राजस्थान के दौसा के रहने वाले दीपक कुमार मीना का शव 20 सितंबर को एक कोचिंग संस्थान के पुस्तकालय के पास वन क्षेत्र से बरामद किया गया था। वह कई दिनों से लापता था।

*सुप्रीम कोर्ट ने पलटा मद्रास हाईकोर्ट का फैसला*

# चाइल्ड पोर्न देखना, डाउनलोड करना पॉक्सो-आईटी कानून के तहत अपराध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अदालतों से 'बाल पोर्नोग्राफी' शब्द का इस्तेमाल न करने के लिए कहा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश को सोमवार को रद्द कर दिया, जिसमें कहा गया था कि बाल पॉर्नोग्राफी देखना और डाउनलोड करना बाल यौन अपराध संरक्षण (पॉक्सो) कानून तथा सूचना प्रौद्योगिकी कानून के तहत अपराध नहीं है। पीठ ने बाल पॉर्नोग्राफी और उसके कानूनी परिणामों पर कुछ दिशा-निर्देश भी जारी किए।

इसने कहा, हमने संसद को सुझाव दिया है कि वह पॉक्सो में संशोधन करे ताकि बाल पोर्नोग्राफी की परिभाषा बदलकर 'बच्चों के साथ यौन शोषण और अश्लील सामग्री' किया जा सके। हमने सुझाव दिया है कि एक अध्यादेश लाया जा सकता है। शीर्ष ⏭ शेष पेज 4 पर

*सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाते हुए कहा है कि चाइल्ड पोर्न देखना और उसे डाउनलोड करना दोनों पॉस्को एक्ट के तहत अपराध के दायरे में आता है। साथ ही कोर्ट ने केंद्र सरकार को सलाह दी है कि वह पॉस्को एक्ट में बदलाव कर चाइल्ड पोर्नोग्राफ की जगह 'चाइल्ड सेक्शुअली अब्यूजिव एंड एक्सप्लोइटेटिव मटेरियल (सीएसएईएम) लिखे।*

### कोर्ट से 'बाल पोर्नोग्राफी' शब्द का इस्तेमाल न करने के आदेश

**कोर्ट केंद्र को दिए सुझाव**

- हम संसद को सुझाव देते हैं कि पॉस्को एक्ट में बदलाव करें। इसके लिए अध्यादेश लाए।
- चाइल्ड पॉर्नोग्राफी शब्द की जगह चाइल्ड सेक्शुअली एब्यूसिव एंड एक्सप्लॉइटेटिव मटेरियल का इस्तेमाल किया जाए।



### बच्चों को पहुंचाते हैं नुकसान

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बच्चों के खिलाफ अपराध सिर्फ यौन शोषण तक ही सीमित नहीं रहते हैं। उनके वीडियो, फोटोग्राफ और रिकॉर्डिंग के जरिए ये शोषण आगे भी चलता है। ये कंटेंट साइबर स्पेस में मौजूद रहते हैं, आसानी से किसी को भी मिल जाते हैं। ऐसे मटेरियल अनिश्चितकाल तक नुकसान पहुंचाते हैं। ये यौन शोषण पर ही खत्म नहीं होता है, जब-जब ये कंटेंट शेयर किया जाता है और देखा जाता है, तब-तब बच्चे की मर्यादा और अधिकारों का उल्लंघन होता है।

### बाल आयोग ने दिया धन्यवाद

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने इस फैसले के लिए सर्वोच्च न्यायालय को धन्यवाद दिया। कानूनगो ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सर्वोच्च न्यायालय ने आज एक महत्वपूर्ण मामले में फैसला सुनाते हुए बाल पॉर्नोग्राफी मामलों से संबंधित प्रत्येक धारा की गंभीरता पर जोर दिया। एनसीपीसीआर की सिफारिशों को स्वीकार किया। न्यायपालिका को धन्यवाद।

### अश्लील वीडियो पर 3 कानून

भारत में ऑनलाइन पोर्न देखना गैर-कानूनी नहीं है, लेकिन इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 में पोर्न वीडियो बनाने, पब्लिश करने और सर्कुलेट करने पर बैन है।

इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 के सेक्शन 67 और 67ए में इस तरह के अपराध करने वालों को 3 साल की जेल के साथ 5 लाख तक जुर्माना देने का भी प्रावधान है।

आईपीसी के सेक्शन-292, 293, 500, 506 में भी इससे जुड़े अपराध को रोकने के लिए कानूनी प्रावधान बनाए गए हैं। पॉस्को कानून के तहत कार्रवाई होती है।

*सीपत क्षेत्र में हुआ हादसा*

# हाईवा ने सड़क किनारे बैठे मवेशियों को रौंदा, 19 की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीपत से राखड़ लेकर जा रहे हाईवा के ड्राइवर ने सोमवार की सुबह तेज गति से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क किनारे बैठे मवेशियों को रौंद दिया। हादसे में 19 मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। बड़ी संख्या में मवेशियों की मौत से सड़क खून से लाल हो गई। हादसे के बाद ⏭ शेष पेज 4 पर

### एक माह में 48 मवेशियों की मौत

वाहन चालकों की लापरवाही से सकड़ किनारे बैठने वाले मवेशियों की लगातार मौतें हो रही है। 17 जुलाई को सिलपहरी नेशनल हाईवे पर 9 मवेशियों की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। 13 सितंबर को हरदी गांव मुख्यमार्ग पर 16 मवेशी, 18 सितंबर को सकरी गायत्री मंदिर के पास बस के कुचलने से 4 मवेशियों की मौत हो गई थी। उसके बाद 23 सितंबर को सीपत हरदाडीह में हाइवा से हादसा हो गया।

### खुला छोड़ रहे

बेपरवाह पशु मालिक रात में मवेशियों को खुला छोड़ दे रहे है। इससे मवेशी रात भर शहर के मुख्यमार्ग में सड़क किनारे कतार से बैठे रहते है। मवेशियों के सड़क पर बैठने से छोटे वाहन सवार टकराकर सड़क हादसे का शिकार हो रहे हैं।

*स्वास्थ्य मंत्री ने लिया कड़ा एक्शन, जांच में फंसे तो होगा जुर्म दर्ज*

# आयुष्मान कार्ड घोटाला और आय-व्यय का ब्योरा नहीं देने पर सिम्स के डीन-अधीक्षक सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में फैली अव्यवस्था और भ्रष्टाचार पर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कड़ा एक्शन लिया है। सिम्स के स्वशासी समिति की बैठक में शामिल होने आए मंत्री ने आयुष्मान कार्ड के वित्तीय लेनदेन की पूरी जानकारी मांगी। इस पर अधीक्षक अधूरे दस्तावेज के साथ उपस्थित हुए। वहीं वे पिछले 3 सालों में हुई खरीदी की जानकारी नहीं दे सके। इस पर मंत्री का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने बैठक में ही अधीक्षक और डीन को निलंबित करने की बात कह दी। सिम्स में चादरों की खरीदी, वित्तीय आहरण, आयुष्मान कार्ड के वित्तीय आवक जावक, गैर पैरा मेडिकल स्टाफ की भर्ती, आयुष्मान मित्र की भर्ती, गैर पैरा मेडिकल स्टाफ को आयुष्मान राशि के भुगतान जैसे कई मामलों में वित्तीय अनियमिता चरम ⏭ शेष पेज 4 पर



### डीन के गायब रहने की चर्चा जोरों पर

*मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के बैठक लेने की दो दिन पहले ही जानकारी मिल गई थी। इसके बाजवूद सिम्स के डीन डा. केके सहारे का पूरी बैठक के दौरान नदारद रहना चर्चा का विषय बना हुआ है। डीन के कालेज से गायब होने की जानकारी अन्य अधिकारियों को भी नहीं थी।*

### आईएएस लेवल के अधिकारी करेंगे जांच

*सिम्स में हुई गड़बड़ी को लेकर आईएएस लेवल के अधिकारी जांच कर सकते हैं। बैठक के बाद हुई मीडिया से चर्चा के दौरान मंत्री श्री जायसवाल ने इसके संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि डीन और अधीक्षक को निलंबित किया गया है। जांच के लिए आईएएस अधिकारी से कराई जा सकती है। उन्होंने कहा कि बैठक के बाद इससे बड़ी कार्रवाई सिम्स प्रबंधन पर नहीं हो सकती थी। अधिकारियों के द्वारा खरीदी और भुगतान के 3 वर्ष के दस्तावेज का परीक्षण किया जाएगा। इसमें अनियमितता मिलने पर एफआईआर कराई जाएगी।*

### डेढ़ करोड़ रुपए में खरीद लिया चादर

मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि जानकारी मिली है कि सिम्स प्रबंधन ने डेढ़ करोड़ की राशि से महज चादर खरीद लिया है। करीब 1500 चादर खरीदी गई है, जिसकी कीमत 10 हजार रुपए बताई जा रही है, यह सरासर वित्तीय अनियमिता का मामला है। ऐसे में दोनों अधिकारियों के पद पर रहते हुए जांच पूरी निष्पक्षता से कराना संभव नहीं होता है, इसलिए अधिकारियों को हटाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक नियमानुसार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। जांच पूरी होने के बाद एफआईआर की जाएगी। उन्होंने कहा कि नए डीन और अधीक्षक की पदस्थापना का आदेश विभाग द्वारा जारी किया जाएगा।

*आतिशी बोलीं- भरत की तरह खड़ऊ रखकर संभालूंगी कुर्सी*

# दिल्ली में सीएम एक और कुर्सी दो

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

**खास खबर**

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सीएम आवास में पदभार संभाल लिया है। हालांकि इस दौरान भी वह केजरीवाल के लिए भरतवाली भूमिका में नजर आईं। उन्होंने सीएम ऑफिस में अरविंद केजरीवाल की कुर्सी के बगल में दूसरी कुर्सी लगाकर पदभार संभाला है। उनका कहना है कि वह तब तक अरविंद केजरीवाल की कुर्सी पर नहीं बैठेंगी जब तक दिल्ली की जनता उनकी ईमानदारी पर भरोसा नहीं जताती। उन्होंने कहा, जैसे भरत ने ⏭ शेष पेज 4 पर



### भाजपा ने कहा - यह चमचागीरी

इधर, भाजपा ने आतिशी के इस फैसले को चमचागीरी करार दिया। दिल्ली भाजपा के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी पर निशाना साधते हुए कहा, अपनी इस हरकत से आतिशी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की गरिमा के साथ ही दिल्ली की जनता की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाई है। यह कोई आदर्श पालन नहीं है, सीधी स्पष्ट भाषा में चमचागीरी है। अरविंद केजरीवाल जवाब दें कि क्या वह इस तरह के रिमोट कंट्रोल से दिल्ली सरकार चलायेंगे?

### आतिशी बोलीं- केजरीवाल ने मिसाल कायम की

आतिशी ने आगे कहा, अरविंद केजरीवाल ने मर्यादा और नैतिकता की मिसाल कायम की है। पिछले दो साल से भाजपा ने अरविंद केजरीवाल की छवि खराब करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन पर झूठे मुकदमे लगाए गए, उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और छह महीने के लिए जेल में भी डाल दिया गया। आतिशी ने कहा, दिल्ली के मुख्यमंत्री की कुर्सी अरविंद केजरीवाल की है। मुझे उम्मीद है कि दिल्ली की जनता उन्हें फिर से सीएम चुनेगी। तब तक कुर्सी इसी दफ्तर में रहेगी और अरविंद केजरीवाल का इंतजार करेंगी।



चिंतन

# 'चाइल्ड पोर्नोग्राफी' पर सुप्रीम फैसला ऐतिहासिक

चाइल्ड पोर्नोग्राफी पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक है। शीर्ष अदालत ने फैसला दिया है कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी (अश्लील सामग्री) देखना, डाउनलोड करना पॉक्सो और आईटी कानून के तहत अपराध होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने संसद को सुझाव भी दिया है कि संसद को कानून में संशोधन कर 'चाइल्ड पोर्नोग्राफी' शब्द को बदलकर 'बच्चों के साथ यौन शोषण और अश्लील सामग्री' करने पर विचार करना चाहिए। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी डाउनलोड करना और देखना अपराध नहीं है। मद्रास हाईकोर्ट ने फैसला सुनाने में गंभीर गलती की है। 11 जनवरी को मद्रास हाई कोर्ट ने चेन्नई के एस हरीश (28) नामक एक व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद कर दी थी। हरीश पर अपने मोबाइल फोन पर बच्चों से संबंधित अश्लील सामग्री डाउनलोड करने का आरोप लगाया गया था। शीर्ष अदालत में मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी। खास बात है कि फैसले के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को कई दिशा-निर्देश भी दिए हैं। किसी व्यक्ति द्वारा इंटरनेट पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी से संबंधित कंटेंट को देखना, डिस्ट्रीब्यू करना या प्रदर्शित करना, किसी भी डिवाइस या अन्य तरीके से ऐसे कंटेंट के रियल या फिजिकल पजेशन या स्टोरेज के साथ या उसके बिना, पोक्सो अधिनियम के तहत अपराध है। किसी व्यक्ति को दंडित किया जा सकता है यदि यह साबित हो जाता है कि उसने मामला शुरू होने या एफआईआर दर्ज होने से पहले कोई चाइल्ड पोर्नोग्राफिक कंटेंट 'स्टोर्ड' या 'अपने पास' रखी थी। चाइल्ड पोर्नोग्राफी के कानूनी और नैतिक परिणामों के बारे में जानकारी शामिल करते हुए व्यापक यौन शिक्षा प्रोग्राम को लागू करने से संभावित अपराधियों को रोकने में मदद मिल सकती है। यौन शिक्षा को पश्चिमी अवधारणा मानकर इसे शैक्षिक पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं बनाना सही नहीं है। शिक्षकों, हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स और कानून लागू करने वाले अधिकारियों को समस्याग्रस्त यौन व्यवहार के संकेतों की पहचान करने के लिए ट्रेनिंग दी जानी चाहिए। दरअसल, चाइल्ड पोर्नोग्राफी वैश्विक समस्या है, अश्लील कंटेंट का बाल मन पर गहरा व विकृत प्रभाव पड़ता है। स्मार्टफोन के चलन में आने के बाद से मोबाइल पर अश्लील कंटेंट की भरमार है, जिससे बच्चों पर बुरा असर पड़ने का खतरा है। बाल यौन शोषण का मामला भी बढ़ा है। अब संसद को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम में संशोधन को लेकर गंभीरता से विचार करना चाहिए, ताकि ऐसे अपराधों की वास्तविकता को और अधिक सटीक रूप से दर्शाया जा सके। तब तक सरकार पॉक्सो अधिनियम में सुझाए गए संशोधन के लिए अध्यादेश ला सकती है। बाल यौन शोषण सामग्री नाबालिगों की गरिमा को बहुत अधिक ठेस पहुंचाती है और यह उन्हें यौन संतुष्टि की वस्तु बना देती है, उनकी मानवता का हरण कर लेती है और उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करती है। बच्चों को ऐसे माहौल में पलने-बढ़ने का अधिकार है, जहां उनकी गरिमा का सम्मान हो और उन्हें नुकसान से बचाया जाए। बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री (सीएसईएएम) का उत्पादन, वितरण और उपभोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना स्पष्ट कानूनी और नैतिक अनिवार्यता है। यौन शोषण का कोई भी कृत्य स्वाभाविक रूप से बच्चे पर स्थायी शारीरिक और भावनात्मक आघात पहुंचाता है। प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस (पोक्सो) एक्ट में चाइल्ड पोर्नोग्राफी को लेकर सख्त सजा का प्रावधान है।

दिल्ली

डॉ. रमेश ठाकुर



# चुनौतियों संग 'आतिशी' पारी शुरू

मैं आतिशी ईश्वर की शपथ लेती हूं...के साथ ही आतिशी दिल्ली की 8वीं और तीसरी महिला मुख्यमंत्री बन गईं। पार्टी ने बहुत सोच समझकर उन्हें ये पद सौंपा है। महिला हैं, विश्वास पात्र हैं और पार्टी के प्रति पूर्ण वफादार भी हैं, इसलिए, वरना अरविंद केजरीवाल बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन जैसा जोखिम जानबूझकर नहीं उठाते। उन दोनों ने भी कभी अपनी जगह जीतनराम मांझी और चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंप दी थी, जिन्होंने कुछ महीनों में ही आंखें दिखानी शुरू कर दी थी। खैर, केजरीवाल भी इस कड़ी में शामिल होते, उसके लिए उन्होंने गंभीरता से होमवर्क करके ही अपनी सीट पर आतिशी को बैठाने का निर्णय लिया। दिल्ली में अगले चार-पांच महीनों के भीतर ही विधानसभा के चुनाव होने हैं। अब से कुछ समय बाद ही आचार संहिता लग जानी है। पार्टी कार्यकर्ता आतिशी की ताजपोशी को बेशक 'आतिशी पारी' कह रहे हों, पर चुनौतियों की भी कोई कमी नहीं है? सभी भली-भांति जानते हैं कि नई मुख्यमंत्री के लिए करने को कुछ ज्यादा नहीं है। सिर्फ नाम भर की मुख्यमंत्री रहेंगी। ये भी सच है कि कुर्सी पर बेशक आतिशी बैठें, लेकिन चलाएंगे केजरीवाल ही? सरकार संचालन का रिमोट केजरीवाल के पास ही सदैव होगा। बहरहाल, अरविंद केजरीवाल अभी कोर्ट-कचहरी और कानूनी पचड़े में बुरी तरह से फंसे हुए हैं। आतिशी को दिल्ली की कमान सौंपने के पीछे एक वजह ये भी है कि वो महिला हैं, इसलिए विपक्ष खासकर भाजपा खुलकर हमलावर नहीं होगी। पार्टी नेताओं की माने तो आतिशी को चुनाव तक के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस बीच वो गड़बड़ाई पार्टी की स्थिति को कितना संभाल पाती हैं, ये उनके सामने कड़ी परीक्षा जैसी रहेगी। फिलहाल राज निवास में आयोजित एक समारोह में शनिवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने उनको मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलवा दी है। दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने के साथ ही उन्होंने भारत की 17वीं महिला मुख्यमंत्री बनने का गौरव भी हासिल कर लिया। समारोह में मौजूद रहे विपक्षी नेता बिजेंद्र गुप्ता, भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने भी उन्हें मुख्यमंत्री बनने की बधाइयां दी। दिल्ली के कालकाजी से विधायक आतिशी ने शपथ लेने के बाद अरविंद केजरीवाल के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। आतिशी आम आदमी पार्टी के कोटे से चौथी मुख्यमंत्री बनी हैं, उनसे पूर्व 3 मर्तबा पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल खुद मुख्यमंत्री रहे हैं। आतिशी की जगह अगर कोई पुरुष नेता मुख्यमंत्री बनता, तो भाजपा हमलावर होती, इसलिए केजरीवाल ने महिला को सीएम की कुर्सी सौंपकर बड़ा सियासी दांव खेला है। मुख्यमंत्री आतिशी के समक्ष चुनौतियां बेशक हजार हों, लेकिन पार्टी उनके पीछे खड़ी है। पार्टी उन्हें चुनाव तक धुंआधार पारी खेलने का मौका देगी, क्योंकि अगले विधानसभा चुनाव में पार्टी की वापसी भी करवानी है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या अगले वर्ष होने वाले चुनाव तक मुख्यमंत्री आतिशी पार्टी की वापसी करवा पाएंगी या नहीं? दिल्ली के सरकारी कामकाज काफी हद तक रुके हुए हैं। उन्हें दोबारा से संचालित करना होगा। पार्टी के कई नेता नाराज होकर दूसरे दलों में चले गए हैं और कोई न जाए, उन्हें रोकना होगा। रूठे नेताओं को मनाना होगा। एमसीडी जोन चुनाव में पार्टी भाजपा से पिछड़ चुकी है, दोबारा से पटरी पर लाना होगा। ऐसे कई मुद्दे नई मुख्यमंत्री के सामने मुंह खोले खड़े हैं। उन सभी पर उन्हें पार पाना होगा। कुछ कठोर निर्णय भी लेने पड़ सकते हैं। अगले सप्ताह विधानसभा का सत्र भी बुलाया गया। दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य महका भी चरमरा गया है, जबकि ये ऐसे महकमे हैं जिनके बूते उनकी पार्टी प्रचार करती है। शिक्षा में क्रांति लाने वाले मनीष सिसोदिया भी मंत्रिमंडल का हिस्सा नहीं है। दिल्ली में पूर्व के मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल पर अगर नजर डालें, तो कइयों का बहुत अच्छा इतिहास और शानदार कार्यकाल रहा। पहले मुख्यमंत्री थे ब्रह्म प्रकाश, जो 17 मार्च 1952 से लेकर 12 फरवरी 1955 तक दिल्ली के मुखिया रहे। वहीं, पहली महिला मुख्यमंत्री सुषमा स्वराज थी जिनका कार्यकाल कम अवधि का था, वह 12 अक्टूबर 1998 से 3 दिसंबर 1998 तक ही मुख्यमंत्री रहीं। दूसरी महिला मुख्यमंत्री के रूप में शीला दीक्षित ने लंबा कार्यकाल बिताया। अब आतिशी की पारी का आगाज हुआ है। दिल्लीवासियों को उनसे बहुत उम्मीदें हैं, देखते वह कितना खरा उतर पाती हैं।



((लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मिलावटी घी ने लगाया सियासत में तड़का



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

आंध्र प्रदेश के तिरूमला - तिरूपति के बालाजी मंदिर के प्रसादम के तौर पर मिलने वाले लड्डू में प्रयुक्त घी में पशुओं की चर्बी के मिलावट पर उठे राजनीतिक बवाल ने देश का सियासी पारा एक बार फिर से बढ़ा दिया है। गौरतलब है कि गुजरात स्थित नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड 'एनडीडीबी' के प्रयोगशाला में प्रसादम 'लड्डू' बनाने में इस्तेमाल होने वाले घी का बीते 9 जुलाई को सैंपल लिया था और 16 जुलाई को लैब ने अपना रिपोर्ट जारी किया जिसमें पशु चर्बी और मछली के तेल के मिलावट की पुष्टि की। हालांकि यह रिपोर्ट पब्लिक डोमेन में रिपोर्ट जारी करने के बाद ही उपलब्ध था लेकिन आंध्रप्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के इस रिपोर्ट को मीडिया में लाने और इस मिलावट के लिए पूर्व मुख्यमंत्री वाईएसआरसी नेता जगनमोहन रेड्डी को कठघरे में खड़ा करने के बाद इस मिलावटी घी ने सियासत की आग को भड़का दिया है। सोशल मीडिया में भी यह मसला खूब उछल रहा है जिसमें यूजर्स लगातार तीखी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

गौरतलब है कि तिरूमला - तिरुपति के बालाजी मंदिर के प्रति केवल भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी रहने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की अपार आस्था है जहां बीते 300 वर्षों से प्रसादम के तौर पर रोज साढ़े तीन लाख लड्डू बनते हैं। लड्डू बनाने के लिए बीते पचास वर्षों से कर्नाटक को-ऑपरेटिव मिल्क फेडरेशन 'केएमएफ' द्वारा रियायती दर पर घी उपलब्ध कराया जा रहा था। केएमएफ द्वारा रियायती कीमत पर घी उपलब्ध कराने में असमर्थता जताने पर पूर्ववर्ती जगनमोहन रेड्डी सरकार ने बाजार में पांच निजी फर्मों को घी आपूर्ति का ठेका दे दिया। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने आरोप लगाया है कि मिलावटी घी की आपूर्ति जगन रेड्डी के वाईएसआरसी से जुड़े लोगों के फर्मों से हुई है। दूसरी ओर जगनमोहन रेड्डी की पार्टी ने आरोपों को खारिज करते हुए नायडू पर राजनीतिक लाभ के लिए घृणित राजनीति करने का आरोप लगाया है। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी ने जहां इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की है वहीं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी नड्डा ने आंध्र प्रदेश सरकार से इस संबंध में रिपोर्ट तलब करने कहा है। दूसरी ओर पूर्ववर्ती सरकार ने जिन फर्मों से जिस कीमत पर घी खरीदने का अनुबंध किया है उससे घी में मिलावट के रिपोर्ट को कतई खारिज नहीं किया जा सकता। खबरों के मुताबिक संबंधित फर्मों ने 319 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से घी आपूर्ति करने पर रजामंदी दी गई थी लेकिन दूध व्यवसाय से जुड़े विशेषज्ञों के लिहाज से इस दर पर घी मुहैया कराना संभव ही नहीं है। अलबत्ता प्रसादम 'लड्डू' में पशुओं की चर्बी और मछली का तेल मिलने की खबरों ने तिरुपति बालाजी के करोड़ों भक्तों के आस्था पर करारा चोट पहुंचाया है साथ ही इससे आंध्र प्रदेश सरकार और तिरूमला - तिरूपति देवस्थानम ट्रस्ट की प्रतिष्ठा भी धूमिल हुई है।



अलबत्ता तिरूपति बालाजी के प्रसादम लड्डू के लिए प्रयुक्त घी में मिलावट सिर्फ राजनीतिक विवाद या धार्मिक आस्था का ही मुद्दा नहीं है बल्कि यह आम आदमी के सेहत से भी जुड़ा मसला है। भारत में दैनिक उपयोग के खाद्य पदार्थों और अन्य जिंसों में मिलावट एक आम समस्या बन चुकी है जिसका शिकार उपभोक्ता हो रहे हैं। सामान्यतया रोजमर्रा के उपयोग में काम आने वाले दूध, घी, खोया यानि मावा, छाछ, पनीर, वनस्पति घी, खाद्य तेल, शहद, हल्दी, मिर्च और धनिया पाउडर, मसाले, चांवल, दाल, बेसन, आटा, चाय - कॉफी, आईसक्रीम, कोल्डड्रिंक, बोतलबंद पानी, तंबाकू और गुटका सहित मांसाहारी खाद्य पदार्थों में मिलावट आम है। आश्चर्यजनक यह कि मिलावट सिर्फ खाद्य पदार्थों में ही नहीं हो रहा है बल्कि दवाओं में भी हो रहा मिलावट जानलेवा साबित हो रहा है। विचारणीय है कि सरकार के तमाम कानूनों और एजेंसियों के बावजूद मिलावटखोरी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। भारत एक उत्सव प्रधान देश है जहां हर धर्म और जाति के लोगों द्वारा विभिन्न त्योहार और पर्व मनाया जाता है इस दौरान सबसे ज्यादा खपत खाद्य पदार्थों की होती है। त्योहारी सीजन में दूध से बने पदार्थों जैसे खोया या मावा, मिठाई, घी और पनीर में मिलावट की खबरें आम हो चुकी है। त्योहारों का सीधा संबंध मिठाई और नमकीन से है लेकिन त्योहारी सीजन में बाजार में बिकने वाले दूध से बनी मिठाईयों और खोया में मिलावट की सर्वाधिक आशंका होती है।

सरकार और प्रशासन के तमाम कोशिशों के बावजूद बीते कुछ सालों में मिलावटी, दूषित, गुणवत्ताहीन और नकली ब्रांड वाले खाद्य पदार्थों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस त्योहारों के दौरान बाजार में बिकने वाले खाने-पीने के 60 से 65 फीसदी वस्तुओं में मिलावट होती है जो सेहत को काफी नुकसान पहुंचाते हैं। विभिन्न त्योहारों के दौरान मांग की तुलना में खोया के कम उत्पादन का फायदा नकली और मिलावटी खोया बेचने वाले उठाते हैं जो अपने अनैतिक कमाई के लालच में लोगों की जान सांसत में डालने से भी नहीं हिचकते। नकली खोया बनाने के दूध में यूरिया, डिटर्जेंट, कास्टिक सोडा और मेलामाइन पावडर मिलाया जाता है। मिलावटी खोया में स्टार्च, आयोडीन,आलू, सिंघाड़े का आटा, मैदा, टेल्कम पावडर और दूध पावडर इत्यादि मिलाया जाता है। नकली और मिलावटी खोया से उल्टी-दस्त, अपचन, पाचनतंत्र से संबंधित रोग, लिवर और किडनी के रोग होते हैं। इसके अलावा मिठाईयों में एल्यूमिनियम का वर्क, प्रतिबंधित रंगों और एसेंस तथा सैक्रिन के प्रयोग से सेहत संबंधी दिक्कतें आती है।

देसी घी जिसे आमतौर पर शक्तिवर्धक माना जाता है में वनस्पति तेल और घी, नारियल तेल, पिघला हुआ मक्खन,आलू और शकरकंद, हाइड्रोजनेटेड ऑयल के साथ पशुओं की चर्बी मिलाई जाती है। इस मिलावट के चलते घी की गुणवत्ता, शुद्धता, स्वाद और पोषण में काफी गिरावट आती है। इसके अलावा चांवल में अब प्लास्टिक, दालों में खेसरी दाल, कंकड़ और रंग, आटे में चाक पावडर, मैदा और अन्य आटे, सब्जियों या फलों को पकाने या रंगीन व चमकदार दिखाने के लिए कार्बाइड, हानिकारक रसायन और रंग, मोम आदि का मिलावट या प्रयोग किया जा रहा है। मांस और अंडे में मीट ग्लू, चूहे या अन्य पशुओं के मांस, जिलेटिन, कार्मिन, नाइट्रेट, मोम, जिप्सम पावडर, कैल्शियम कार्बोनेट और कृत्रिम रंगों का मिलावट किया जा रहा है। इस मिलावट से व्यक्ति में कैंसर से लेकर उच्च रक्तचाप, हृदय, किडनी, लिवर सहित पाचन तंत्र से जुड़े और अनेक मानसिक रोग हो सकते हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों के मुताबिक मिलावटी और असुरक्षित खाद्य पदार्थों की वजह से लगभग 200 प्रकार की बीमारियां होती है। एक शोध के अनुसार भारत में 52 फीसदी बीमारी मिलावटी खान-पान की वजह से हो रही है।

बहरहाल भारत में खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाना सरकार और समाज के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। केंद्र सरकार द्वारा खाद्य सामग्री की मिलावट की रोकथाम तथा उपभोक्ताओं को शुद्ध आहार उपलब्ध कराने के लिए साल 1954 में खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम 'पीएफए एक्ट 1954' लागू है। इसके अलावा देश में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 लागू है जिसमें जुर्माना और सजा दोनों का प्रावधान है। अनेक राज्यों में मिलावट करने वालों को 10 लाख जुर्माना, गैर जमानती धाराओं में गिरफ्तारी और आजीवन कारावास का भी कानून है। खाद्य पदार्थों में हानिकारक मिलावट का मामला कई बार संसद में उठ चुका है लेकिन नतीजा सिफर ही रहा है।तमाम कानूनों के बावजूद खाद्य नमूनों के जांच रिपोर्ट में देरी और अदालती फैसलों में विलंब तथा आरोप सिद्ध करने में नाकामी के चलते मिलावटखोरों के पौ बारह हैं।

अहम तथ्य यह भी कि खाद्य और औषधियों में मिलावट रोकने के लिए जिम्मेदार सरकारी विभाग की जवाबदेही है कि वह आम उपभोक्ता सामाग्रियों का नियमित सैंपल ले और इसका लैबोरेटरी में परीक्षण कराएं लेकिन यह अमला केवल त्योहारों के दौरान ही सक्रिय होता है।आश्चर्यजनक तौर पर इन सैंपलों की जांच रिपोर्ट तब आती है जब सारा त्योहार निबट चुका होता है।अधिकांश मामलों में थोड़ा- बहुत जुर्माना लगाकर कानून पालन का रस्म अदायगी कर लिया जाता है। दरअसल देश में मिलावटखोरों के खिलाफ शिकंजा कसने में नाकामी के पीछे अहम कारण खाद्य, स्वास्थ्य और औषधि प्रशासन विभाग में शीर्ष स्तर से लेकर नीचले स्तर के अधिकारियों और कर्मचारियों की भारी कमी है। इसके अलावा देश में आवश्यकता के लिहाज से खाद्य नमूनों के जांच हेतु अति उन्नत टेस्टिंग लैबोरेटरी की कमी होना भी है। हालांकि फूड सेफ्टी एण्ड स्टैण्डर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया 'एफएसएसएआई' ने देश भर में मोबाइल टेस्टिंग लैब उपलब्ध कराने की घोषणा की है लेकिन इस घोषणा का धरातलीय क्रियान्वयन में अभी काफी रोड़े हैं।अलबत्ता सरकार और प्रशासन को खाद्य पदार्थों तथा दवाओं में मिलावट रोकने की दिशा में ठोस प्रबंध करने की जरूरत है। इसके अलावा उपभोक्ता संरक्षण संगठनों से भी अपेक्षा है कि वह आम लोगों को मिलावट के खिलाफ जागरूक करें। बहरहाल हालिया सियासी विवाद के मद्देनजर राजनीतिक दलों और राजनेताओं से भी अपेक्षा है कि वह इसे सिर्फ विवाद का मुद्दा न बनाएं बल्कि समाधान की दिशा में भी दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति प्रदर्शित करें आखिरकार यह जनस्वास्थ्य से जुड़ा मसला है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

# गलतियों को खुले मन से स्वीकार करें



संकलित

दर्शन

कार्य संपन्न होने की प्रक्रिया में कदाचित त्रुटियां रह सकती हैं, भले ही कार्य निष्ठा से किया जाए। अगर कोई आपके किए-कराए में चूक निकाले, उस पर टिप्पणी करे तो नाराज होने के बजाय उसे खुलेमन से स्वीकार करें। वैसे आप गलतियां करने से तभी बच पाएंगे, जब कुछ नहीं करेंगे। अपने अवगुण या खोट को स्वीकार करना श्रेष्ठ मानवीय गुण है। औसत सोच का व्यक्ति ऐसा करने में असमर्थ होता है। अवांछनीय या अनुचित कार्य की अनदेखी का अर्थ है संशोधन के द्वार बंद कर देना। सर्वगुणसंपन्न व्यक्ति तो साक्षात देवता है। भूल-चूक की स्वीकारोक्ति प्रगति की राह में पहला चरण है। इस प्रक्रिया में आप अनेक व्यक्तियों का विश्वास जीतते हैं। जिस सत्य का सामना करने के लिए तैयार नहीं, उसे बदलेंगे कैसे? जिसे अपनी अपूर्णताओं का आभास नहीं वह मूर्ख नहीं, बल्कि दयनीय है, क्योंकि ऐसा व्यक्ति अपने अवगुणों को दूर नहीं कर सकेगा। जिस सीमा तक हम अपनी अपूर्णताओं और अवांछनीय व्यवहार के प्रति सजग रहेंगे और समाधान की ओर अग्रसर रहेंगे, उसी अनुपात में हम नैतिक रूप से समृद्ध होंगे। व्यावहारिक जीवन में संयमी, संयत व्यक्ति से भी भूल-चूक हो जाती है। उन्नत सोच का व्यक्ति अपनी भूल को तुरंत स्वीकार कर लेगा। मध्यम सोच वाले को गलती का अहसास तो होगा, वह मन में कुढ़ेगा भी, किंतु लज्जित होने की आशंका से वह गलती को खुलेआम नहीं मानेगा। अपनी छवि के प्रति अत्यंत चौकस अधिसंख्य व्यक्ति अपने गलत कार्य या कथन की वैसी संरक्षा करेंगे जैसे सद्गुण या शील दांव पर हो।

# अच्छी बातें जीवन में उतारने पर ही लाभ मिलेगा




संकलित

प्रेरणा

द्वापर युग में द्रोणाचार्य को भीष्म पितामह ने कौरव और पांडव राजकुमारों का गुरु बना दिया था। एक दिन द्रोणाचार्य ने सभी राजकुमारों को एक पाठ दिया और कहा कि कल इस पाठ को आत्मसात करके आना है। आत्मसात शब्द का अर्थ है जीवन में, अपने आचरण में उतारना। अगले दिन सभी राजकुमार गुरु के आश्रम में पहुंच गए। पढ़ाई शुरू हुई तो द्रोणाचार्य ने पूछा कि कौन-कौन कल का पाठ याद करके आया है? युधिष्ठिर को छोड़कर बाकी सभी राजकुमारों ने कह दिया कि हमने ये पाठ याद कर लिया है। गुरु ने युधिष्ठिर से पूछा कि तुमने पाठ याद क्यों नहीं किया है? युधिष्ठिर ने कहा कि मैंने अभी तक ये पाठ आत्मसात नहीं किया है। ये बात सुनकर द्रोणाचार्य हैरान थे। कुछ देर सोचकर गुरु ने कहा कि ठीक है कल याद करके आना। इसके बाद दस दिन बीत गए, लेकिन युधिष्ठिर को वो पाठ अब तक याद नहीं हुआ था। जबकि अन्य राजकुमार युधिष्ठिर से 10 पाठ आगे पहुंच गए थे। द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर से पूछा कि आखिर बात क्या है। युधिष्ठिर ने कहा कि गुरुदेव, जैसे मेरे भाइयों ने ये पाठ याद किया है, वैसे तो मुझे याद है, लेकिन आपने कहा था कि इस पाठ को आत्मसात करना है। आपने सत्य को जीवन में उतारने का पाठ दिया था और मैं सत्य को जीवन में उतार नहीं पा रहा हूं। जब तक मैं इसे आत्मसात नहीं कर लूंगा, जब तक मैं सत्य को जीवन में नहीं उतार लूंगा, तब तक मैं इससे आगे नहीं बढ़ पाऊंगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भारत सरकार पुरुष दिवस मनाने की घोषणा करे

अपने देश में बहुत से दिवस मनाने का रिवाज है। वर्षों से बाल दिवस मनाया जाता है। इसके बाद कई और दिन मनाने शुरू कर दिए। देश में जिस प्रकार कामुक रोगी मानसिकता वाले लोग लड़कियों का यौन शोषण और यौन उत्पीड़न करते हैं, उसके लिए सरकार कितने भी कानून बना ले, कितना भी दंड बढ़ा ले, पर मेरा यह विश्वास है कि केवल कानून से सामाजिक क्रांति, समाज सुधार नहीं हो सकता। इसके लिए सभी धर्मों के सभी धर्म गुरुओं को जागृति पैदा करने का संकल्प लेना चाहिए। इसके साथ ही भारत सरकार कम से कम एक वर्ष के लिए हर महीने पुरुष दिवस मनाना शुरू करे। उस दिन महिलाएं अपने परिवारों के सभी पुरुष सदस्यों से यह शपथ लें कि वे कभी भी किसी भी महिला पर कुदृष्टि नहीं रखेंगे व उसके सम्मान की रक्षा में भागीदार बनेंगे।

*- शेखर चावला, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### बेहतर स्वास्थ्य की सौग़ात

आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत मुफ़्त इलाज ग़रीबों और वंचित वर्गों के लिए वरदान साबित हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस योजना के माध्यम से हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य की सौग़ात दी है।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री



### भविष्य का दरवाजा खोला

भविष्य के लिए संधि, वैश्विक डिजिटल कॉम्पैक्ट और भविष्य की पीढ़ियों पर घोषणा को अपनाने से नई संभावनाओं और अवसरों के रास्ते खुलते हैं। हमने साझा भविष्य का दरवाजा खोल दिया है।

-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव



### खिलाड़ियों ने इतिहास रचा

शतरंज ओलंपियाड में भारतीय खिलाड़ियों ने इतिहास रच दिया। ओपन सेक्शन में पुरुष टीम ने पहली बार गोल्ड मेडल जीता। महिला वर्ग में भी भारतीय टीम ने पहली बार गोल्ड जीता है। सभी खिलाड़ियों और टीम के सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई। आप सब पर पूरे देश को गर्व है। जय हिंद

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव



### सफल जीवन ऐसे जिएं

पूर्ण जीवन के लिए गुण-दूसरों में सद्गुण खोजें। सकारात्मकता के लिए एक प्रकाशस्तंभ पकड़ें। न्याय के लिए वकील. अपने अंदर दया की भावना पैदा करें। अपने विश्वास को मजबूत करें। अपने स्वास्थ्य को संजोएं। दृढ़ता को अपनाएं।


-हर्ष गोयनका, उद्योगपति



## करंट अफेयर

# जेलेंस्की ने पेंसिल्वेनिया में बारूद फैक्टरी का किया दौरा


यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अत्यधिक कड़ी सुरक्षा के बीच पेंसिल्वेनिया में गोला-बारूद की उस फैक्टरी का दौरा किया जो रूसी बलों के साथ उनके देश की लड़ाई के लिए आवश्यक हथियारों में से एक का उत्पादन कर रही है। 'स्क्रैंटन सेना गोला बारूद संयंत्र' के निरीक्षण के साथ ही अमेरिका की उनकी यात्रा शुरू हो गयी है और इस दौरान वह युद्ध में यूक्रेन के लिए समर्थन जुटाने का प्रयास करेंगे। वह मंगलवार और बुधवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक को संबोधित करेंगे तथा फिर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन तथा उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ बृहस्पतिवार को वाशिंगटन में वार्ता करेंगे। जेलेंस्की का काफिला जब रविवार दोपहर को गोला बारूद फैक्टरी की ओर जा रहा था तो यूक्रेनी झंडे लहराते हुए समर्थकों का एक छोटा दल उनकी सराहना के लिए आसपास एकत्र हो गया। फैक्टरी के आसपास के इलाके की सुबह से ही घेराबंदी कर दी गयी थी और वहां बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया था। स्क्रैंटन संयंत्र देश में उन चुनिंदा केंद्रों में से एक है जो तोपों के 155 एमएम के गोले का उत्पादन करता है और उसने पिछले एक साल में अपना उत्पादन बढ़ा दिया है। यूक्रेन को अमेरिका से पहले ही 30 लाख से अधिक 155 एमएम के गोले प्राप्त हो चुके हैं।



## ऑफ बीट

# साही के जबड़े के विकास को लेकर बहस समाप्त

' करंट बायोलॉजी' में प्रकाशित हमारे अनुसंधान पत्र में दलील दी गई है कि उत्तरी अमेरिकी साही के पूर्वज एक करोड़ साल पहले के हो सकते हैं, लेकिन वे लगभग 80 लाख वर्ष बाद तक पहचाने जाने योग्य नहीं होंगे। उत्तरी अमेरिका और दक्षिण अमेरिका में साही की अस्थि संरचना की तुलना करके, हमने निर्धारित किया कि उन 80 लाख वर्षों में, उत्तरी अमेरिकी साही अप्रत्याशित रूप से अभी भी अपने करीबी रिश्तेदारों नियोट्रॉपिकल साही की तरह दिखते थे, जो आज उष्णकटिबंधीय मध्य अमेरिका और दक्षिण अमेरिका में पाए जाते हैं। आधुनिक उत्तरी अमेरिकी साही अपने कांटेदार रिश्तेदारों के बीच विशिष्ट है। इसकी एक छोटी पूंछ, एक जबड़ा होता है जो पेड़ों से छाल को खुरच सकता है और इसका वजन 10 से 25 पाउंड (4.5 और 11.3 किलोग्राम) के बीच होता है। स्पष्ट रूप से संबंधित होते हुए भी, नियोट्रॉपिकल साही अलग दिखते हैं। उनकी लंबी, पकड़ में आने वाली पूंछ, कमजोर जबड़े होते हैं और उनका वजन 1.5 से 10 पाउंड (0.68 और 4.5 किलोग्राम) के बीच होता है। आधुनिक जानवरों के डीएनए विश्लेषण के आधार पर अनुमान लगाया गया है कि ये दोनों समूह लगभग एक करोड़ वर्ष पहले अलग हो गए थे।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय


टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।



# प्रभास की आने वाली फिल्मों पर लगा अरबों का दांव...

**मुंबई।** अनडिस्प्यूटेड प्रभास का करियर और सुपरस्टारडम छतों से गूंजता है। 'बाहुबली' और 'बाहुबली 2', 'सलार', 'कल्कि 2898 एडी' जैसी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाली फिल्मों के साथ प्रभास ने इंडियन सिनेमा में एक पावरहाउस सी मजबूती बना ली है। प्रभास पर अलग-अलग फिल्मों को मिलाकर लगभग 2100 करोड़ का दांव लगाया गया है। प्रभास की आने वाली फिल्मों का बजट कुछ इस तरह है- सलार 2- 360 करोड़ रुपए, स्पिरिटः 320 करोड़ रुपए, हनु राघवपुडी प्रोजेक्टः 320 करोड़ रुप, द राजासाबः 400 करोड़ रुपए, कल्कि 2ः 700 करोड़ रुपए। प्रभास की उन आने वाली 5 फिल्मों के मेकर्स को भरोसा है।

लाइफ Style



# उर्वशी

## कंगना के बेबाक अंदाज की तारीफ की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अभिनेत्री उर्वशी रौतेला, 'सिंह साहब द ग्रेट', 'सनम रे' और 'हेट स्टोरी 4' जैसी फिल्मों में अपने ग्लैमरस अभिनय के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने 'लव डोज' और 'डूब गए' जैसे लोकप्रिय संगीत वीडियो में भी अभिनय किया है , जिसमें उन्होंने एक कलाकार के रूप में दर्शकों की खूब तारीफें बटोरी थीं।

अब हाल ही में, उर्वशी रौतेला अभिनेत्री कंगना रणौत के समर्थन में आई हैं और बाहरी लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों को स्वीकार करते हुए कहा, 'वह जो भी कहती है, वह सच है। उर्वशी रौतेला ने अलग-अलग मुद्दों पर बोलने के लिए कंगना की हिम्मत की सराहना की, इस बात पर जोर दिया कि फिल्म इंडस्ट्री में ईमानदार लोग कम हैं। हिंदी रश के साथ एक साक्षात्कार में उर्वशी ने कहा, 'कंगना दी सच बोलती हैं। उनमें बोलने की हिम्मत है।' जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें अपने करियर में इसी तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा है तो उर्वशी ने जवाब दिया, 'नहीं।' उर्वशी ने इंडस्ट्री में बाहरी लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों को स्वीकार करते हुए कहा, 'वह जो भी कहती हैं, वह सच है।' वर्कफ्रंट की बात करें तो उर्वशी को आखिरी बार जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी में देखा गया था। इस बीच, कंगना रनौत अपनी फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज के लिए तैयार हैं, जो भारतीय इतिहास की महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाओं पर आधारित है। यह फिल्म विशेष रूप से 1975 में इंदिरा गांधी द्वारा घोषित आपातकाल की अवधि पर ध्यान केंद्रित करती है।


# कैसा है बेबी गर्ल का रूटीन

## दीपिका ने इंस्टा रील के जरिए दिया संकेत



**मुंबई।** दीपिका पादुकोण अपनी बेबी गर्ल का खूब ख्याल रख रही हैं। मां बनने के बाद उनकी जिंदगी में जो बदलाव आ रहे हैं, उसका अपडेट दीपिका सोशल मीडिया पर भी समय-समय पर साझा कर रही हैं। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण इन दिनों मातृत्व का आनंद ले रही हैं। अभिनेत्री ने 8 सितंबर को बेबी गर्ल को जन्म दिया। उन्होंने और रणवीर सिंह ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस के साथ यह खुशखबरी साझा की। दीपिका पादुकोण अपनी बेबी गर्ल का खूब ख्याल रख रही हैं। मां बनने के बाद उनकी जिंदगी में जो बदलाव आ रहे हैं, उसका अपडेट दीपिका सोशल मीडिया पर भी समय-समय पर साझा कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम बायो में बदलाव किया। अब उन्होंने एक मजेदार रील अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की है। मूल रूप से यह रील 'yoma-mathon' नाम के इंस्टा अकाउंट से शेयर की गई है। इस रील में एक महिला को दिखाया गया है। महिला सोते-सोते अचानक उठती है और किचन से अपने लिए खाना लेकर आती है। बड़ी मुश्किल से जूझते हुए वह एक कौर खा पाती है और तब तक उसे नींद आ जाती है, खाना छोड़ वह सो जाती है। इस वीडियो के साथ लिखा है, 'अगर एडल्ट भी नवजात शिशुओं की तरह होते तब का हाल...'।


# करण को नहीं मिली कोल्डप्ले की टिकट



**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश म्यूजिक बैंड 'कोल्डप्ले'का आयोजन मुंबई में कॉन्सर्ट 18, 19 और 21 जनवरी 2025 को डीवीआई पाटिल स्टेडियम में होगा। रविवार के दिन इस कॉन्सर्ट के टिकट्स की बुकिंग शुरू हुई। पहले 'कोल्डप्ले' के दो शोज रखे गए थे, लेकिन फिर टिकट्स की डिमांड को देखते हुए एक शो और बढ़ा दिया गया। हालांकि, शोज के बढ़ने के बाद भी बहुत सारे लोगों को कॉन्सर्ट की टिकट्स नहीं मिलीं। टिकट न मिलने वालों की लिस्ट में एक सेलेब का भी नाम शामिल है। इस सेलेब का नाम करण जौहर है। करण ने लिखा, 'डियर प्रिविलेज, मुझे अच्छा लगता है कि कोल्डप्ले और मिनी केली हमेशा आपको जमीन से जोड़े रखते हैं...आप जो चाहें वो पा लें, ऐसा होता नहीं है।.. ढेर सारा प्यार।

# सुपरस्टार के इस फ्लॉप एक्टर बेटे ने असल जिंदगी में कर दिया था कांड, 8 लोगों पर चढ़ा दी थी गाड़ी

*मुंबई। सुपरस्टार का बेटा होने के बावजूद इस हीरो का फिल्मी करियर नहीं चला। लगातार कई फ्लॉप देने के बाद इन्होंने इंडस्ट्री को ही अलविदा कह दिया। आज ये गुमनाम जिंदगी जी रहे हैं। ऐसा जरूरी नहीं है कि स्टार किड्स अपने सुपरस्टार माता-पिता की लीगेसी को आगे बढ़ाएं। आज हम आपको ऐसे ही एक एक्टर के बारे में बताएंगे जिनके पिता सुपरस्टार थे, लेकिन ये अभिनेता बॉलीवुड में फ्लॉप रहे और फिर इन्होंने फिल्म इंडस्ट्री छोड़ लेकिन असल जिंदगी में एक घटना की वजह से ये विलेन बन गए थे। हम जिस अभिनेता के बारे में हम बात कर रहे हैं उन्होंने करिश्मा कपूर और ऐश्वर्या राय संग भी फिल्में की, लेकिन ये मूवीज फ्लॉप रही। ये कोई और नहीं, हिंदी सिनेमा के सुपरस्टार रहे राज कुमार के बेटे पुरु राज कुमार हैं।*



### दोनों पक्षों के बीच अदालत के बाहर हो गया था समझौता

जब पुरु राज कुमार के साथ विवाद भी जुड़ा था। दरअसल जब वे सिर्फ 23 साल के थे और एक्टर भी नहीं बने थे, तब उन्हें मुंबई के बांद्रा में फुटपाथ पर सो रहे आठ लोगों को कुचलने के बाद नशे में गाड़ी चलाने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक उस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई थी। एक अदालती मामले का पालन किया गया जहां पुरू पर नशे में गाड़ी चलाने का आरोप लगाया गया था। हालांकि, बाद में मिड-डे की एक रिपोर्ट के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच अदालत के बाहर समझौता हो गया था।

### लगातार 10 फ्लॉप फिल्मों के बाद छोड़ दिया बॉलीवुड

पुरु राजकुमार का जन्म मुंबई में 30 मार्च 1970 को हुआ था। उनका पूरा नाम पुरु राव पंडित है, लेकिन फिल्मों में आने के दौरान उन्होंने अपना सक्रीन नाम चेंज कर दिया था। पुरु राज कुमार ने करिश्मा कपूर के साथ बाल ब्रम्हचारी से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हालांकि, ये फिलम बॉक्स ऑफिस पर असफल साबित हुई थी। इसके बाद पुरु के पास चार साल तक कोई काम नहीं था। फिर उन्हें फिल्म हमारा दिल आपके पास है में ऐश्वर्या राय और अनिल कपूर के साथ नेगेटिव रोल मिला और फिल्म को जबरदस्त सफलता मिली। हालांकि, इसके बाद पुरु राज कुमार फिल्म इंडस्ट्री में टिक नहीं पाए। उनकी मिशन कश्मीर, खतरों के खिलाड़ी, दुश्मनी, एलओसी कारगिल, जागो, उमराव जान सहित कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुईं। बॉक्स ऑफिस इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पुरु राज कुमार ने लगातार 10 फ्लॉप फिल्में दीं और उसके बाद उन्होंने हमेशा के लिए बॉलीवुड छोड़ दिया था।

# काश! डिंपल नहीं, हेमा होतीं उनकी मां...



**मुंबई।** ट्विंकल खन्ना अच्छी राइटर हैं, यह सब जानते हैं। वह अपने आसपास की चीजों पर बिंदास होकर इंट्रेस्टिंग कटाक्ष करती हैं। अपने एक रीसेंट आर्टिकल में उन्होंने गंदी सड़कों से लेकर वॉटर प्योरिफायर तक कई चीजों पर बात की। इतना ही नहीं, उन्होंने मजाक में इच्छा भी जाहिर की कि काश डिंपल कपाड़िया की जगह हेमा मालिनी उनकी मां होतीं। ट्विंकल खन्ना ने अपने एक आर्टिकल में लिखा कि वॉटर प्योरिफायर से पानी गिरने लगा तो उन्हें हेमा मालिनी की याद आ गई। वह लिखती हैं, 'देश में शुद्ध पानी देने के लिए हेमा मालिनी से ज्यादा इंट्रेस्टेड कोई नहीं है। कई साल तक वॉटर प्योरिफायर एंडोर्स करने के बाद वह गंगा के किनारे डांस परफॉर्म कर रही हैं ताकि नदियों को साफ रखने का मैसेज फैल सके। लेकिन, क्या हमारे नागरिक उनकी अपील सुनेंगे, या फिर ये वही केस हो जाएगा कि आप एक घोड़े को पानी तक तो ले जा सकते हैं, लेकिन पानी नहीं पिला सकते।' ट्विंकल ने लिखा कि हाल ही में वह अपनी मां डिंपल कपाड़िया से उन लोगों पर गुस्सा निकाल रही थीं जो सड़कों पर कचरा डालते हैं।

SYNISE Sourcing and Outsourcing E - Auction sale
Burnt Sponge Iron on behalf of
SHILPHY STEEL, Raipur
Online Auction
30 Sep 2024 (Monday)
Inspection : 21 to 29 Sep 2024
Approx qty : 610 MT (450+160)
For inspection contact :
Hemchand : 9835909933
hemchandk@synise.com
For details visit : www.synise.com
Synise Technologies Ltd.







# कपिल के मजाक उड़ाने पर क्या अर्चना को लगता है बुरा?



**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा कॉमेडी शो में अक्सर अर्चना पूरन सिंह को निशाने पर ले लेते हैं। वह उनका मजाक उड़ाते हैं। अब अर्चना पूरन सिंह ने बताया है कि उनको बुरा क्यों नहीं लगता। वह बोलीं, दूसरे लोग ज्यादा सीरियसली लेते हैं, वह नहीं। कपिल शर्मा अपने शो में बातों-बातों में अक्सर अर्चना पूरन सिंह का मजाक उड़ा देते हैं। अब अर्चना इस बारे में बोली हैं। उनका कहना है कि लोग इन जोक्स को सीरियसली लेते हैं लेकिन वह नहीं। यह उनके काम का हिस्सा है। अर्चना ने यह भी बताया कि कपिल के साथ उनका पर्सनली कैसा रिश्ता है। कपिल शर्मा जब अर्चना पूरन सिंह का मजाक उड़ाते हैं तो दर्शक खूब एंजॉय करते हैं। क्या अर्चना को बुरा नहीं लगता? 'कई लोग इसे सीरियसली लेते हैं लेकिन मैं हमेशा बोलती हूं कि जब मैं इन जोक्स को सीरियसली नहीं लेती तो आप लोगों को क्यों परेशानी हो रही है। सबसे पहली बात तो ये प्रोफेशनल स्पेस है, जहां हम मजाक कर रहे हैं। पर्सनल लाइफ में कपिल थोड़ी ना मेरे ऊपर जोक्स क्रैक करता है। पर्सनल लाइफ में तो वह बहुत सम्मान और प्यार देने वाला है। हमारे मन में एक-दूसरे के लिए बहुत प्यार है।'

## जैकेट के शेष

### 16 नहीं, 35 काले...

थी, बावजूद इसके वन्यजीव चिकित्सक ने मामले की जानकारी सफारी प्रबंधन को नहीं दी। इसके कारण संक्रमण अन्य काले हिरणों में तेजी से फैलता गया और उनकी सिलसिलेवार मौत होती गई।
गौरतलब है कि जंगल सफारी में कानन-पेंडारी जू से जब 40 काले हिरण लाए गए, उसी समय कानन-पेंडारी जू से तीन माउस हिरण सफारी में लाए गए। कानन-पेंडारी जू से लाए गए तीन माउस हिरण में से दो की मौत एक माह के भीतर हो गई। सूत्रों के मुताबिक दो माउस हिरण की मौत 30 अगस्त से एक सितंबर के बीच हुई है।

### तेज बारिश के बीच...

चले गए। खंडहर से ही लगा हुआ एक तेंदु का पेड़ भी है, बारिश के दौरान ही करीबन डेढ़ बजे जोरदार आवाज हुई और बिजली के चपेट में आने से आठ लोगों की मौत हो गई। बिजली गिरने की आवाज सुनकर आस पास से लोग मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा की सभी बेहोश हालत में पड़े हुए है। जिसके बाद कुछ लोगों ने अंदर जाकर देखा तो एक को छोड़कर सभी मृत मिले। घटना की सूचना थाना सोमनी को दी गई।
**सवा घंटा लेट आई एंबुलेंस, दिखी नाराजगी** : मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि डेढ़ बजे घटना होने के बाद करीबन तीन बजे एंबुलेंस पहुंची। हालांकि इससे पहले ही डायल 112 वाहन में शव को पुलिस की मदद से मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा जा चुका था। एंबुलेंस के देर से आने को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी भी देखने को मिली। प्रशासनिक अफसरों के सामने ही ग्रामीणों ने अपनी नाराजगी भी जाहिर की।

### इधर, तीन ग्रामीण भी...

एवं तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरने की घटना हुई। बताया गया कि इस दौरान उक्त गांव में एक कंपनी के बाहर तीन लोग काम कर रहे थे, जो चपेट में आ गए। गंभीर रूप से घायल तीनों को उपचार हेतु दुर्ग चिकित्सालय ले जाया जा रहा था, जहां एक की मौत हो गई। वही दो घायल हैं, जिन्हें उपचार हेतु भर्ती किया गया है। पुलिस के अनुसार मृतक का नाम नारद गायकवाड ग्राम बिरेझर निवासी बताया गया है।

### रोते-बिलखते पहुंचे...

करने वाले है। ऐसे में काम छोड़कर आनन-फानन में परिजन मौके पर पहुंचे, रोते-बिलखते पहुंचे माता-पिता का ग्रामीण ढांढस बांधते हुए नजर आए।

### माड़ में मुठभेड़, महिला...

इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जिला नारायणपुर एवं महाराष्ट्र सीमा स्थित माड़ क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर सर्चिंग अभियान के लिए संयुक्त पुलिस पार्टी रवाना की गई थी। सर्चिंग के दौरान आज अपरान्ह लगभग 4 बजे से पुलिस पार्टी और माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। दोनों ओर से रुक रुक कर फायरिंग होती रही। दो घंटे से अधिक समय तक दोनों ओर से फायरिंग होती रही, जिसके बाद पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली भाग खड़े हुए। मुठभेड़ स्थल की सर्चिंग में जवानों ने एक महिला समेत तीन वर्दीधारी नक्सलियों के शव के अलावा एके 47 समेत तीन ऑटोमेटिक रायफल, गोला बारूद व नक्सल सामग्री बरामद किया है। आईजी ने बताया कि मुठभेड़ के बाद सभी जवान सुरक्षित हैं और सर्च अभियान जारी है। बताया जा रहा है कि बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद थे।

### गृहमंत्री के ऐलान...

बस्तर के नारायणपुर जिले में एसपी प्रभात कुमार लगातार नक्सलियों के खिलाफ एक के बाद एक सफल ऑपरेशन करते जा रहे हैं। सुरक्षाबलों के लौटने के बाद मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त व बरामद हथियारों के संबंध में और विस्तृत जानकारी मिल सकेगी।

### गांजा पीने मांगे...

यह दूसरी वारदात है। पुलिस के मुताबिक मरीन ड्राइव स्थित जलविहार कालोनी एंट्री गेट के पास बदमाशों ने 32 वर्षीय ईश्वर रावाड़े की चाकू मारकर हत्या की है। पुलिस के अनुसार ईश्वर रविवार को एसडीओ राजीव पाठक को किसी शासकीय कार्य से रायपुर लेकर आया था। ईश्वर को अपने भांजा के रायपुर में आने की सूचना मिली तो उसने अपने भांजे को मिलने के लिए मरीन ड्राइव बुलवाया।

### निजी अस्पताल से आंबेडकर...

रूप से घायल ईश्वर को मरीन ड्राइव के पास एक निजी अस्पताल उपचार कराने ले गए, अस्पताल में डॉक्टर नहीं होने की वजह से ईश्वर को आंबेडकर अस्पताल ले जाया गया। ज्यादा खून बहने की वजह से आंबेडकर अस्पताल ले जाने के दौरान ईश्वर की रास्ते में मौत हो गई।

### 50 रुपए नहीं देने...

किया, तो एक बदमाश ने उसे चाकू की नोक पर दबोच लिया। इस दौरान घटनास्थल पर मौजूद अन्य दो बदमाश ईश्वर की जेब से मोबाइल निकालने की कोशिश करने लगे, तब ईश्वर ने बदमाशों के साथ हाथापाई की। इस बीच एक बदमाश ने जेब से चाकू निकालकर ईश्वर के पेट, पीठ तथा हाथ पर हमला कर दिया। चाकू के हमले से घायल होकर ईश्वर वहीं गिर गया।

### बदलापुर केस का...

सफाईकर्मी के तौर पर काम करने वाले अक्षय शिंदे को तलोजा जेल से जांच के लिए बदलापुर ले जाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि जब पुलिस की गाड़ी मुंब्रा बाईपास पर पहुंची, तो शिंदे ने एक पुलिसकर्मी की बंदूक छीन ली और एक सहायक पुलिस निरीक्षक पर गोली चला दी।

### हिजबुल्ला के 300 ठिकानों...

बाहरी इलाके में कम से कम तीन हमले किए गए हैं। इजराइल की सेना ने लेबनान में लोगों से उन मकानों और इमारतों को तुरंत खाली करने को कहा है जहां हिजबुल्ला आतंकवादी समूह ने हथियार जमा कर रखे हैं। इजराइल ने कहा कि उसने आतंकवादी समूह के खिलाफ 'व्यापक हमले' शुरू किए हैं। सीमा पर करीब एक साल से जारी संघर्ष और रविवार को विशेष तौर पर भारी गोलीबारी के बाद इस तरह की यह पहली चेतावनी दी गई है।

## पेज एक के शेष

### पीएम मोदी बोले-मानवता ...

शिखर सम्मेलन' को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय समुदाय विश्व के भविष्य पर चर्चा कर रहा है, तो सर्वोच्च प्राथमिकता 'मानव-केंद्रित दृष्टिकोण' को दी जानी चाहिए। इससे पहले 'भविष्य के शिखर सम्मेलन' के पहले दिन विश्व नेताओं द्वारा सर्वसम्मति से भविष्य का समझौता को मंजूरी दे दी थी। साथ ही 'ग्लोबल डिजिटल कॉम्पैक्ट' और 'भविष्य की पीढ़ियों पर घोषणा पत्र' को भी स्वीकार कर लिया गया था। अपने साढ़े मिनट के संबोधन में मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि मानवता की सफलता हमारी सामूहिक शक्ति में निहित है, युद्ध के मैदान में नहीं। 'भविष्य का शिखर सम्मेलन' और उसके बाद वार्षिक महासभा का उच्च स्तरीय सप्ताह इजराइल-हमास संघर्ष और यूक्रेन युद्ध के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन, असमानता और गहरे भू-राजनीतिक विभाजन की चुनौतियों के बीच हो रहा है। समझौते के पांच व्यापक फोकस क्षेत्रों में सतत विकास, अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा; विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी; युवा और भावी पीढ़ियां तथा वैश्विक शासन में परिवर्तन शामिल हैं। यह कल की पीढ़ियों के लिए अधिक सुरक्षित, अधिक शांतिपूर्ण, टिकाऊ और समावेशी दुनिया की दिशा में सदस्य देशों द्वारा की जाने वाली कार्रवाइयों और प्रतिबद्धता के लिए आधार तैयार करता है। अगले साल संयुक्त राष्ट्र के 80 साल पूरे होने के अवसर पर, यह समझौता वैश्विक संस्थाओं में सुधार, सतत विकास लक्ष्यों पर कार्रवाई के लिए आगे का रास्ता, जलवायु कार्रवाई और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग की आवश्यकता समेत अन्य क्षेत्रों को रेखांकित करता है।

### तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था ...

की। इसमें कृत्रिम मेधा (एआई), सेमीकंडक्टर तकनीक, क्वांटम, बायोटेक्नोलॉजी, लाइफ साइंस, कंप्यूटिंग, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी और कम्युनिकेशन पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक की अध्यक्षता मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के प्रोफेसर और नवाचार-रणनीति के प्रमुख अधिकारी और स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के डीन अनंथा चंद्रकसन ने की। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि प्रधानमंत्री ने अमेरिकी कंपनियों के प्रमुखों को संबोधित करते हुए उन्हें भारत की तेजी से बढ़ती विकास यात्रा और जल्द दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में भागीदारी करने आह्वान किया। साथ ही कहा कि भारत को सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

### पिचाई समेत 15...

मॉडर्ना के चेयरमैन नौबर अफयान, बॉयोजेन इंक के सीईओ क्रिश विहबाचेर, एचपी इंक के सीईओ और प्रेजीडेंट एनरिक लोर्स, एलएएम रिसर्च के सीईओ टिम आर्चर, वेरीजोन के चेयरमैन और सीईओ हंस वेस्टबर्ग, ग्लोबल फाउंडरीज के सीईओ थॉमस कॉलफील्ड, एनवीडिया के संस्थापक, प्रेजीडेंट और सीईओ जेनसन हुआंग और किंड्रिल के सीईओ मार्टिन श्रोएटर शामिल हुए।

### चाइल्ड पोर्न देखना...

अदालत ने उस याचिका पर अपना फैसला दिया जिसमें मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने 11 जनवरी को 28 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद्द कर दी थी, जिस पर अपने मोबाइल फोन पर बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री डाउनलोड करने का आरोप था। शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाते हुए मामले में यह कहते हुए आपराधिक कार्यवाही बहाल की कि हाईकोर्ट ने इसे रद्द करने में गलती की। पीठ ने कहा कि सत्र अदालत को अब नए सिरे से मामले पर सुनवाई करनी होगी। इससे पहले, मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को गलत बताते हुए सुप्रीम कोर्ट इसके खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करने के लिए राजी हो गया था। उच्च न्यायालय ने कहा था कि बाल पॉर्नोग्राफी देखना और महज डाउनलोड करना पॉक्सो कानून तथा आईटी कानून के तहत अपराध नहीं है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा था कि आजकल बच्चे पॉर्नोग्राफी देखने की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं और समाज को 'इतना परिपक्व' होना चाहिए कि वह उन्हें सजा देने के बजाय उन्हें शिक्षित करे।

### हाईवा ने सड़क किनारे बैठे...

पुलिस ने हाइवा जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। सीपत टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया कि हाइवा क्रमांक सीजी 11 बीएम, 9799 का ड्राइवर धुर्वाकारी पचपेड़ी निवासी अनीस भारद्वाज सुबह 4.30 बजे सीपत एनटीपीसी राखड़ डेम से गाड़ी में राखड लोड कर जा रहा था। राखड़ निर्माणाधीन दर्रीघाट कोरबा सड़क पर डंप करना था। ग्राम हरदाडीह में सड़क किनारे कतार से मवेशी बैठे हुए थे। ड्राइवर तेज गति से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क किनारे बैठे मवेशियों को रौंदते हुए आगे निकल गया। हादसे में 19 मवेशियों की मौके पर मौत हो गई। वहीं एक मवेशी गंभीर रूप से घायल हो गया। सुबह गांव वाले घरों से बाहर निकले तब हादसे की जानकारी हुई। बड़ी संख्या में मवेशियों के मारे जाने से गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते बड़ी संख्या गौसेवक भी मौके पर पहुंच गए। घायल मवेशी को पशु चिकित्सालय ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उक्त मवेशी की मौत हो गई। गौसेवकों व ग्रामीणों के हंगामा मचाने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पशु चिकित्सकों को मौके पर बुलाकर मृत मवेशियों का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 281, 325 के तहत हाइवा जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

### आयुष्मान कार्ड घोटाला और...

पर पहुंच गई है। सोमवार को सिम्स मेडिकल कालेज में सिम्स स्वशासी समिति की बैठक रखी गई। दोपहर 2.30 बजे आयोजित बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। इससे पहले सीएस और सीएमई की बैठक आयोजित हो चुकी थी। बैठक में मंत्री श्री जायसवाल ने सिम्स प्रबंधन से 3 सालों की खरीदी, बिक्री और भुगतान का ब्यौरा मंगाया और इसकी जांच के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान डीन डॉ. कमल किशोर सहारे बैठक से नदारद रहे, वहीं उनकी जगह अधीक्षक डॉ. सुजीत नायक ने जानकारी दी, मंत्री द्वारा कई सवाल किए गए, जिसका डॉ नायक जवाब नहीं दे सके, इसके बाद मंत्री ने अधिकारियों से सिम्स के डीन डॉ. कमल किशोर सहारे और अधीक्षक डॉ. सुजीत नायक को सस्पेंड करने का मौखिक आदेश दे दिया। उन्होंने तत्काल दोनों अधिकारियों को निलंबित कर इन पर जांच करने के निर्देश कमिश्नर मेडिकल एजुकेशन को दिए है।

### दिल्ली में सीएम एक और...

14 साल तक भगवान राम की पादुकाएं संभालकर रखी और कार्यभार संभाला वैसे मैं भी अगले चार महीनों तक दिल्ली का कार्यभार संभालूंगी। बतौर सीएम पदभार संभालने के बाद आतिशी ने कहा, मैंने दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला है। आज मेरा दर्द वैसा ही है जैसा भरत का था जब भगवान राम को 14 वर्ष का वनवास हुआ था और भरत को राजसत्ता संभालनी पड़ी थी। जैसे भरत ने 14 साल तक भगवान राम की पादुकाएं संभालकर रखीं और कार्यभार संभाला, वैसे ही अगले चार महीने तक मैं दिल्ली की सरकार चलाऊंगी।

---

भाजपा अध्यक्ष ने खूंटी में परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखा किया रवाना

# झामुमो, कांग्रेस और राजद ने लगाया झारखंड के विकास में ग्रहण : नड्डा

**रोहिंग्याओं को यहां बसाया जा रहा है, आदिवासियों की आबादी घट रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने झारखंड सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद ने झारखंड के विकास में ग्रहण लगाने का काम किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी कांग्रेस से सीखने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जेएमएम भी भ्रष्टाचारी पार्टी बन गई। सोरेन ने परिवारवाद को बढ़ावा दिया, भाई भतीजावाद को पनाह दी, युवाओं के साथ छल किया और अपने ही परिवार में जो पराये दिखे उन्हें दरकिनार किया। नड्डा ने खूंटी में परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए ये बातें कही। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। खूंटी जिले के ऐतिहासिक कचहरी मैदान में पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दक्षिणी छोटानागपुर के परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ किया। बड़ी संख्या में खूंटी विधानसभा के कार्यकर्ता और स्थानीय विधायक और प्रदेश स्तरीय नेता और पदाधिकारी खूंटी के कचहरी मैदान में उपस्थित थे। कार्यक्रम में पद्मभूषण से सम्मानित कड़िया मुंडा, उपाध्यक्ष सह विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, विधायक कोचे मुंडा और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश सहित प्रदेश के कई नेता मौजूद थे।

**जमीन को हड़पने से बचाने की यात्रा**

नड्डा ने कहा कि झारखंड को कांग्रेस, जेएमएम और आरजेडी से मुक्ति दिलाने का काम करना होगा, साथ ही उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन यात्रा मां, बेटी-रोटी और आदिवासी अस्मिता की रक्षा की यात्रा है और ये यात्रा आदिवासी की जमीन को हड़पने से बचाने की यात्रा है। भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उसे महाभ्रष्ट पार्टी बताया है, साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस राष्ट्र विरोधी तत्वों व अलगाववादी तत्वों की पोषक है। उन्होंने प्रदेश और देश को भाई भतीजावाद, तुष्टिकरण की राजनीति, भ्रष्टाचार, परिवारवाद से ग्रसित किया है। ये कहते थे कि हम हर परिवार को एक-एक लाख रुपया देंगे लेकिन उन्हें नहीं मिला. इन्होंने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि हम चूल्हा भत्ता देंगे। पीएम मोदी ने घर-घर में गैस सिलेंडर पहुंचा दिया, लेकिन इनका चूल्हा भत्ता नहीं मिला।

**आदिवासियों की संख्या में आई कमी**

नड्डा ने कहा कि आज झारखंड में आदिवासियों की संख्या 44 प्रतिशत से घटकर 28 प्रतिशत रह गई है। उन्होंने पूछा कि ये कैसी सरकार है और प्रदेश का प्रशासन किस प्रकार से काम कर रहा है? रोहिंग्याओं को यहां बसाया जा रहा है, लोग गलत तरीके से शादियां कर रहे हैं, आदिवासियों की जमीनों को हड़पा जा रहा है। ये सब काम सुनियोजित तरीके से हो रहा है और यहां की सरकार ये होने दे रही है। रोहिंग्याओं को यहां बसा रही है, उनका आधार कार्ड बना रही है। जेपी नड्डा ने कहा कि आदिवासियों की रक्षा अगर कोई कर सकती है तो भाजपा ही कर सकती है। परिवर्तन यात्रा को संबोधित करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने झारखंड सरकार पर जमकर हमला किया। संथाल में बढ़ते घुसपैठ मामला सहित उत्पाद सिपाही बहाली पर हेमंत सरकार पर कटाक्ष किया।

---

## बिहार में 1600 करोड़ की लागत से बन रहे पुल का एक हिस्सा गिरा



**पटना।** बिहार में अब एक और पुल गिर गया है। राजधानी पटना में बन रहे निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा ढह गया। इसको लेकर अधिकारी ने बताया कि रविवार रात हुई इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना हाल के दिनों में बिहार के कई जिलों में एक दर्जन से ज्यादा पुलों के गिरने के बाद सामने आई है। निर्माणाधीन पुल का जो हिस्सा गिरा है वो बख्तियारपुर-ताजपुर गंगा महासेतु' का हिस्सा है जिसकी देखरेख बिहार राज्य सड़क विकास निगम लिमिटेड कर रही है।
बताया जा रहा है कि गार्डर के बीयरिंग को बदलने के दौरान ये हादसा हुआ और पिलर पर गार्डर रखते समय एक हिस्सा नीचे गिर गया।
बीएसआरडीसीएल के मुख्य महाप्रबंधक प्रवीण चंद्र गुप्ता ने न्यूज एजेंसी को बताया, 'बेयरिंग बदलना एक नियमित प्रक्रिया है, किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। हम चल रहे काम का निरीक्षण करने के लिए मौके पर जा रहे हैं।'

## भारत का संविधान समावेशी शासन की भावना का सबसे सशक्त उदाहरण: बिरला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा हैं कि भारत का संविधान समावेशी शासन की भावना का सबसे सशक्त उदाहरण है, जो विकास के पथ पर सबको साथ लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है और हमारा मार्गदर्शन करता है। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ये विचार सोमवार को नई दिल्ली में संसद भवन परिसर में 10वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र सम्मेलन के पूर्ण सत्र की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किये। कार्यक्रम में राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश और राज्य विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारियों ने भी सत्र में भाग लिया। पूर्ण अधिवेशन का विषय, 'सतत एवं समावेशी विकास में विधायी निकायों की भूमिका' था।

## कांग्रेस को विरोध करना है, तो राहुल गांधी का करे : केंद्रीय मंत्री बिट्टू

**जयपुर।** केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर की गई अपनी टिप्पणी का बचाव करते हुए सोमवार को कहा कि ''कांग्रेस पार्टी को विरोध करना है तो राहुल गांधी का करना चाहिए।'' वहीं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिट्टू के खिलाफ सीबीआई फाटक क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन करने की कोशिश की लेकिन पुलिस उन्हें बसों में बैठाकर ले गई। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि बिट्टू को अपने बयान पर पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए।

## सुलतानपुर डकैती का एक और आरोपी का एनकाउंटर

एजेंसी ▶▶| लखनऊ/सुलतानपुर

उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर में पिछले माह एक सर्राफा कारोबारी की दुकान में हुई डकैती के मामले का एक और आरोपी सोमवार को उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) के साथ उन्नाव में हुई मुठभेड़ में मारा गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की शिनाख्त अमेठी के जनापुर गांव के रहने वाले एक लाख रुपये के इनामी अनुज प्रताप सिंह के रूप में की गई है।

**ये है मामला**

पुलिस के अनुसार, 28 अगस्त को सुलतानपुर शहर कोतवाली क्षेत्र के ठठेरी बाजार स्थित एक सर्राफा व्यवसायी की दुकान से करीब डेढ़ करोड़ रुपये के जेवरात लूटे गये थे। सुलतानपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सोमेन बर्मा ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि सुलतानपुर में हुई डकैती के मामले में कुल 14 अभियुक्तों के नाम सामने आए, जिनमें से 11 अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि इन 11 अभियुक्तों में अनुज प्रताप सिंह भी शामिल था।

इसके पहले, पांच सितंबर को सुलतानपुर में एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में आरोपी मंगेश यादव मारा गया था जिसे लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था। समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस ने इस मुठभेड़ को ''फर्जी'' बताया है। अपर पुलिस महानिदेशक अमिताभ यश ने बताया कि उन्नाव जिले के अचलगंज थाना क्षेत्र में एसटीएफ लखनऊ की टीम और सुलतानपुर में 'भारत ज्वैलर्स' की दुकान में हुई डकैती के आरोपियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें एक बदमाश घायल हो गया जबकि दूसरा भाग गया।

---

## 'क्वाड' से आगबबूला चीन बोला, बाहरी ताकतें संप'

'क्वाड' से आगबबूला चीन बोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका में क्वाड शिखर सम्मेलन और उसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो.बाइडन की अनौपचारिक टिप्पणी से आगबबूला चीन ने सोमवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि क्वाड, चीन को रोकने का अमेरिकी माध्यम है। जिसमें वह संबंधित देशों के साथ चीन के खतरे के नाम पर सैन्य और सुरक्षा सहयोग के जरिए हमें रोकने की कोशिश कर रहा है। लेकिन दक्षिण और पूर्वी चीन सागर में कोई भी बाहरी ताकत का दखल उसे अपनी क्षेत्रीय संप्रभुता, समुद्री अधिकारों की रक्षा और क्षेत्रीय शांति-स्थिरता को लेकर बनी हुई प्रतिबद्धता से डिगा नहीं सकती। यह जानकारी चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने एक मीडिया ब्रीफिंग में दी। उन्होंने कहा कि क्वाड जो अमेरिका की हिंद-प्रशांत रणनीति के तहत गठित एक प्रमुख क्षेत्रीय समूह है। यह चीन के नेतृत्व और प्रभाव को रोकने के लिए वाशिंगटन का महज एक माध्यम है। बीजिंग की संप्रभुता को नष्ट करने वाले देशों का चीन कूटनीतिक विरोध करेगा।

■ 'बाहरी ताकतें संप्रभुता की रक्षा से डिगा नहीं सकती'

## दो रूसी, एक अमेरिकी नागरिक को लेकर पृथ्वी पर लौटा कैप्सूल

**अंतरिक्ष स्टेशन पर 374 दिन बिताने के बाद हुई वापसी**

एजेंसी ▶▶| मॉस्को



अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से दो रूसी और एक अमेरिकी नागरिक को लेकर सोयूज कैप्सूल सोमवार को कजाकिस्तान में उतरा। इसके साथ ही रूस के दोनों अंतरिक्ष यात्रियों का लंबा प्रवास समाप्त हो गया। आईएसएस से अलग होने के लगभग साढ़े तीन घंटे बाद कैप्सूल कजाकिस्तान के मैदान पर उतरा। ओलेग कोनोनेंको और निकोलाई चूब अंतरिक्ष स्टेशन पर 374 दिन बिताने के बाद वापस लौटे, जो वहां उनका सबसे लंबा निरंतर प्रवास था। इस कैप्सूल में अमेरिकी ट्रेसी डायसन भी थीं, जो छह महीने तक अंतरिक्ष स्टेशन में रहीं।

**सितंबर में हुए थे रवाना**

कोनोनेंको और चूब 15 सितंबर, 2023 को अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना हुए और शुक्रवार को आईएसएस पर सबसे लंबे समय तक लगातार रहने का रिकॉर्ड बनाया। डायसन, बाहरी अंतरिक्ष में अपने तीसरे मिशन में छह महीने अंतरिक्ष में रहीं। अंतरिक्ष स्टेशन पर अब आठ अंतरिक्ष यात्री बचे हैं, जिनमें अमेरिकी नागरिक बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स भी शामिल हैं। विल्मोर और विलियम्स को पहले ही धरती पर लौटना था लेकिन कुछ तकनीकी व्यवधान से उनकी वापसी में समय लग रहा है। वे जून में बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल के पहले चालक दल के रूप में पहुंचे। लेकिन उनकी वापसी की यात्रा थ्रस्टर की समस्याओं और हीलियम लीक के कारण बाधित हो गई। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा था कि उन्हें स्टारलाइनर के यान से वापस लाना बहुत जोखिम भरा होगा। दोनों अंतरिक्ष यात्रियों के अगले साल स्पेसएक्स के यान से धरती पर लौटने की संभावना है।

---

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

---

## शब्द पहेली - 5642



**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

**शब्द पहेली- 5641 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | | टा | | द | वा | खा | ना |
| | क्ष्य | | व | | ल | क | वा | | र | ज |
| ज | | | कु | सु | म | | त | | | नी |
| ब | द | मा | श | | टो | ना | | सौ | त | न |
| र | | हि | | फा | ल | | प्रा | | न | |
| न | ग | र | वा | सी | | ग | ण | ना | य | क |
| | र | | द | | मा | ली | | पा | | ल |
| अ | ल | ग | | म | न | | चौ | की | दा | र |
| प | | | चि | | सि | स | की | | | व |
| रा | ज | | क | न | क | | दा | | मे | |
| ध | ड़ | क | न | | ता | | री | मा | ला | गू |

## सूडोकु नवताल - 5653

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

■ MANGA_SENACHA, BANGALORE

**सूडोकु नवताल - 5652 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

*भारत से लाखों की संख्या में लोग अमेरिका में बसे हुए हैं। हर साल बड़ी संख्या में लोग नौकरी और काम के सिलसिले में अमेरिका पहुंच भी रहे हैं। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले मुल्क अमेरिका में काम करने वाले भारतीय बहुत ही ज्यादा पढ़े-लिखे हैं। हाल ही में सामने आई एक रिपोर्ट में भी इसका जिक्र किया गया है। अमेरिका में मौजूद थिंक-टैंक माइग्रेशन पॉलिसी इंस्टीट्यूट (एमपीआई) ने देश में आने वाले प्रवासियों की शिक्षा को लेकर एक स्टडी की है।*

**थिंक-टैंक माइग्रेशन पॉलिसी इंस्टीट्यूट के अध्ययन में खुलासा**

# अमेरिका में सबसे ज्यादा पढ़ा-लिखा अप्रवासी समुदाय हैं भारतीय

## भारत जहां 14% के साथ पहले स्थान पर है तो वहीं चीन (8%) का स्थान है दूसरा

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

एमपीआई की स्टडी के मुताबिक, अमेरिका में शिक्षित अप्रवासियों में सबसे बड़ा समूह भारतीय प्रवासियों का है। यूएस के शिक्षित अप्रवासियों में शामिल दुनिया के सभी देशों के नागरिकों में अकेले 14 फीसदी भारतीय हैं। 2022 तक के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका में 1.4 करोड़ पढ़े-लिखे अप्रवासी थे, जिन्होंने कॉलेज डिग्री हासिल की हुई थी। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2018 से 2022 के बीच अमेरिका आने वाले 48 फीसदी अप्रवासियों के पास कॉलेज की डिग्री थी।



**20 लाख डिग्रीधारक भारतीयों ने की अमेरिका में एंट्री**

रिपोर्ट में बताया गया है कि 1.4 करोड़ अप्रवासियों में से 20 लाख यानी 14% भारतीय थे, जिन्होंने कम से कम ग्रेजुएशन तक पढ़ाई की हुई थी। एमपीआई की स्टडी में 25 साल से ज्यादा उम्र के बच्चों को शामिल किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कॉलेज तक पढ़ाई करने वाले अप्रवासियों में भारत और चीन के नागरिक सबसे आगे हैं। भारत जहां 14% के साथ पहले स्थान पर है तो वहीं चीन 8% के साथ दूसरे स्थान पर। कॉलेज की पढ़ाई करने वाले अप्रवासियों को अमेरिका भेजने में ये दोनों देश सबसे आगे खड़े हैं। MPI की स्टडी के आधार पर तैयार रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022 में कॉलेज-शिक्षित 68 प्रतिशत अप्रवासी 55 वर्ष से कम उम्र के थे। यह आंकड़ा अमेरिका में जन्मे ग्रेजुएट्स की तुलना में ज्यादा है, क्योंकि 55 वर्ष से कम उम्र के 61 प्रतिशत अमेरिकी नागरिकों के पास ही कॉलेज की डिग्री थी।

### एच-1बी और स्टूडेंट वीजा हासिल करने में भी भारतीय आगे

रिपोर्ट से पता चलता है कि एच-1बी वर्कर्स वीजा हासिल करने में भी भारतीय आगे रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 72 फीसदी अप्रूव हुए एच-1बी वीजा उन लोगों को मिले, जो भारत से आए थे। एच-1बी वीजा एक गैर-अप्रवासी वीजा होता है, जिन्हें आमतौर पर टेक कंपनियों में काम करने वाले विदेशी नागरिकों को दिया जाता है। 2022-23 में अमेरिका में हायर एजुकेशन के लिए 11 लाख लोग आए, जिसमें से 71 फीसदी यानी 7,48,000 स्टूडेंट्स एशियन थे। चीन (2,90,000 छात्र) और भारत (2,67,000) की कुल मिलाकर अमेरिका में टोटल अंतरराष्ट्रीय छात्र आबादी में आधे से ज्यादा की हिस्सेदारी रही।

---

**खबर संक्षेप**

### विलयम्स अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की कमांडर बनी



**वॉशिंगटन।** आठ महीने से अंतरिक्ष में फंसी सुनीता को अब नासा ने नई जिम्मेदारी दे दी है। सुनीता को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की कमांडर बना दिया गया है। यह दूसरी बार है जब सुनीता की कमान संभाल रही हैं। दरअसल, सुनीता को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की कमांडर बना दिया गया है। नासा ने घोषणा की है कि रूसी अंतरिक्ष यात्री ओलेग कोनोनेंको ने अंतरिक्ष स्टेशन पर आयोजित एक समारोह में सुनीता विलियम्स को अंतरिक्ष स्टेशन की कमान सौंपी है। यह दूसरी बार है जब सुनीता की कमान संभाल रही हैं। उन्होंने आखिरी बार 12 साल पहले कार्यभार संभाला था।

### मंत्री गोयल 25 तक ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रहेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ऑस्ट्रेलिया के व्यापार और पर्यटन मंत्री तथा सीनेटर,डॉन फैरेल के निमंत्रण पर 25 सितंबर तक ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर रहेंगे। पीयूष गोयल 25 सितंबर को एडिलेड में होने वाली 19वीं भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त मंत्रिस्तरीय आयोग की बैठक में ऑस्ट्रेलिया के व्यापार और पर्यटन मंत्री डॉन फैरेल के साथ सह-अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान दोनो नेता द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को और प्रगाढ करने के स्वरूपों पर विचार-विमर्श भी करेंगे। पीयूष गोयल 24 सितंबर को हिंद-प्रशांत आर्थिक रूपरेखा की बैठक में भी वर्चुअल माध्यम से भाग लेंगे।



---

## अजित को लेकर शरद पवार ने कहा

# परिवार के रूप में हम साथ-साथ सीएम कौन यह जरूरी मुद्दा नहीं

**महाराष्ट्र के लोगों ने एमवीए को मौका देने का मन बनाया**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार ने कहा कि वह और उनके भतीजे अजित पवार परिवार के रूप में साथ-साथ हैं। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि अजित एक अलग राजनीतिक दल का नेतृत्व कर रहे हैं। शरद पवार ने तटीय कोंकण क्षेत्र के चिपलून कहा कि "घरत तारि एकत्रच आहेत (कम से कम घर में हम एक साथ हैं)।

विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) के सीएम पद के चेहरे से जुड़े सवाल पर शरद पवार ने कह कि मुझे नहीं लगता कि फिलहाल यह कोई जरूरी मुद्दा है। हमारा (एमवीए का) प्रयास समाजवादी पार्टी (सपा) और पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी जैसी अन्य पार्टियों की मदद से महाराष्ट्र में एक प्रगतिशील सरकार का विकल्प देना है। हमने महसूस किया है कि महाराष्ट्र के लोगों ने आगामी चुनाव में हमें (एमवीए) मौका देने का मन बना लिया है।



### नाना पटोले बनाए जाएं सीएम, कांग्रेस की मांग

कांग्रेस की नागपुर इकाई के प्रमुख विकास ठाकरे ने कहा कि हर कार्यकर्ता चाहता है कि सीएम उसके क्षेत्र से हो। यदि पार्टी क्षेत्र में अधिक सीटें हासिल करती है और विधानसभा चुनाव जीतती है तो राज्य इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले को सीएम बनाया जाना चाहिए।

### इस्तेमाल करो और फेंको की रणनीति अपना रही भाजपा

शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने दावा किया कि भाजपा और सीएम एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना विधानसभा चुनाव से पहले अजित पवार नीत राकांपा को महायुति गठबंधन से बाहर करने के लिए काम कर रही हैं। राउत ने कहा भाजपा इस्तेमाल करो और फेंको की रणनीति अपना रही है। सीएम एकनाथ शिंदे को याद रखना चाहिए कि भाजपा का अगला निशाना उनकी शिवसेना हो सकती है।

### सीएम शिंदे से राज ठाकरे ने मुलाकात की



महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने सीएम एकनाथ शिंदे से यहां उनके आवास पर मुलाकात की। यह मुलाकात इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि राज्य में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। पिछले दो महीनों में ठाकरे का सीएम आवास वर्षा में यह दूसरा दौरा था। उन्होंने अगस्त के पहले सप्ताह में शिंदे से मुलाकात की थी, जिसमें मुंबई में बीडीडी चॉल और पुलिस कर्मियों के लिए कॉलोनियों के विकास से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई थी।

---

# रोजगार के 'अच्छे दिन' लौटने लगे केवल एक महीने में 20 लाख युवाओं ने ज्वाइन की नई नौकरियां

**केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने जारी किये जुलाई के ईपीएफओ के आंकडे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



## KRISHAK NAGAR, RAIPUR (CHHATTISGARH) 492 012

No.Estt.-1/DRS/PL/PMBB/1510 Raipur Dated: 19/9/2024

**Advertisement**

Applications in prescribed application form are invited for appointment of different contractual posts at Phytosanitary Laboratory under the Department of Plant Molecular Biology and Biotechnology, College of Agriculture, Raipur.

Number of positions under different post and categories are as below:-

| S. No. | Name of Post | Pay (Including HRA) (Rs.) | UR | ST | SC | OBC | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Food Analyst (Analytical/Instrumentation)- ICPMS | 62120,00 | 1 | - | - | - | 1 |
| 2 | Food Analyst (Analytical/Instrumentation)- Microbiology | 62120.00 | 1 | - | - | - | 1 |
| 3 | Food Analyst (Analytical/Instrumentation)- GMO Testing | 62120.00 | 1 | - | - | - | 1 |
| 4 | Scientific Assistant | 26490.00 | - | 1 | | 1 | 2 |

*UR: un-reserved, ST: scheduled tribe, SC: scheduled caste and OBC: other backward classes

The application forms are attached with this advertisement. Last Date for submission of application is on or before 10.10.2024 till 5.00 PM. Any corrigendum or any further communication regarding the aforesaid advertisement will only be available on the website www.igkv.ac.in. Application form should be sent to following address -

**The Director of Research,**
**Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya**
**Krishak Nagar, Jora, Raipur (Chhattisgarh) 492 012.**

S-41535/1 Director Research

## OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)

**e-Procurement Tender Notice**

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, **C.G. P.W.D in new Registration system (unified Registration system)** for the following work :-

| NIT No. | Name of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|
| **25/SE E/M/2024-2025 (I Call) System Tender No 158638 Registered contractor class in "C" & above For Form "B" (Item Rate Tender)** | **Providing annual maintenance and repairing work of 83 NO. Lift Machines Installed at Various Residensial blocks in Sec.-17, Sec.-27, Sec- 29 and Nirman Bhawan, Nawa Raipur (C.G.)** | Rs 181.68 Lacs |

**Note:- last date of bid submission of NIT 30-09-2024**

The tender documents can be downloaded from the web-portal **http://eproc.cgstate.gov.in**. Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

Superintending Engineer
P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G.)

G-242502720/3

## संचालनालय, आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी, (आयुष) छत्तीसगढ़

ब्लॉक - 1, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर 492002 फोन नं. (0771) 2221640, फैक्स 2221641, ईमेल - cgayush@gmail.com

क्रमांक/1/स्था./ महा. / प्रवेश / 2024-25/3980 नवा रायपुर, दिनांक 23 SEP 2024

**बी.ए.एम.एस./बी.एच.एम.एस./ बी.एन.वाय. एस. पाठ्यक्रमों में सत्र 2024-25 में राज्य कोटे एवं निजी महाविद्यालयों के ऑल इंडिया कोटे की सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन सूचना**

शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय एवं निजी आयुष महाविद्यालयों के बी.ए.एम.एस./बी.एच.एम.एस./ बी.एन.वाय.एस. पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं ।

बी.ए.एम.एस./बी.एच.एम.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा NEET (UG) 2024 में सम्मिलित, पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाईन पंजीयन कर सकते हैं । बी.एन.वाय.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु उच्चतर माध्यमिक (10+2) परीक्षा (भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान तथा अंग्रेजी विषयों सहित) उत्तीर्ण, पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाईन पंजीयन कर सकते हैं।

बी.ए.एम.एस. एवं बी. एच. एम. एस. पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु एक पंजीयन कराना होगा तथा बी.एन.वाय.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पृथक से पंजीयन कराना होगा।

ऑनलाईन पंजीयन करने के पूर्व **"छत्तीसगढ़ आयुष स्नातक पाठ्यक्रम प्रवेश नियम, 2023" एवं सूचना पत्र (Information Bulletin)** का पूर्णतः अध्ययन कर ही ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ करें, जो वेबसाईट **https://cgayush.admissions.nic.in** में उपलब्ध है।

**पंजीयन कार्यक्रम**

| क्र. | विषय | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | बी. ए. एम. एस. / बी. एच. एम. एस. पाठ्यक्रम के राज्य कोटे एवं निजी महाविद्यालयों के ऑल इंडिया कोटे की सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन की प्रारंभ तिथि | दिनांक 23 सितम्बर 2024 |
| 2 | बी.ए.एम.एस./बी.एच.एम.एस. पाठ्यक्रम के राज्य कोटे एवं निजी महाविद्यालयों के ऑल इंडिया कोटे की सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन के लिए अंतिम तिथि | दिनांक 01 अक्टूबर 2024, समय रात्रि 11:59 बजे तक |
| 3 | बी.एन.वाय.एस. पाठ्यक्रम की सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन की प्रारंभ तिथि | दिनांक 23 सितम्बर 2024 |
| 4 | बी.एन.वाय.एस. पाठ्यक्रम की सीटो में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन के लिए अंतिम तिथि | दिनांक 01 अक्टूबर 2024, समय रात्रि 11:59 बजे तक |
| 5 | बी.ए.एम.एस./ बी. एच. एम. एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु संस्था का चयन | दिनांक 23 सितम्बर 2024 से 02 अक्टूबर 2024, समय रात्रि 11:59 बजे तक |

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट **https://cgayush.admissions.nic.in** का अवलोकन किया जा सकता है।

संचालक
आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़

G-242502735/2

## कार्यालय प्राचार्या
## स्व. श्रीमती सुधा देवी स्मृति नर्सिंग महाविद्यालय, कबीरधाम (छ.ग.)

फोन नं. 07741-232046 email-kcon.kabirdham@rediffmail.com फैक्स नं.- 07741-232045

क्र. 854 / स्था. / शा. न. म. / 24 कबीरधाम, दिनांक 20/09/2024

**सूचना**

स्व. श्रीमती सुधा देवी स्मृति शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय कबीरधाम (छ.ग.) में सत्र 2024-25 के लिये बी. एस. सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम को पूर्ण करने हेतु इंडियन नर्सिंग कौंसिल नई दिल्ली द्वारा निर्धारित अवधि के लिये कबीरधाम जिले के निवासियों से अतिथि शिक्षक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं ।

आवेदन की अंतिम तिथि - 29/09 / 2024

| क्र. | वर्ष / सेमेस्टर | विषय का नाम | इंडियन नर्सिंग कौंसिल द्वारा निर्धारित घंटे | अतिथि शिक्षकों की संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर | Communicative English | 20 घंटे | 01 | MA IN ENGLISH |
| 2 | | Applied Anatomy | 30 घंटे | 01 | POST GRADUATE QUALIFICATION IN REQUISITE COURSE |
| 3 | | Applied Physiology | 30 घंटे | 01 | |
| 4 | | Applied Psychology | 30 घंटे | 01 | MA IN PSYCHOLOGY |
| 5 | | Applied Sociology | 30 घंटे | 01 | MA IN SOCIOLOGY |
| 6 | बी.एस.सी. नर्सिंग द्वितीय सेमेस्टर | Applied Biochemistry | 20 घंटे | 01 | M.SC. IN BIOCHEMISHTRY |
| 7 | | Applied Nutrition and Dietetics | 30 घंटे | 01 | P.G. DIPLOMA IN NUTRITION / M.SC. IN FOOD AND NUTRITION |
| 8 | | Health/Nursing informatics and technology | 40 घंटे | 01 | M.SC. IN HEALTH INFORMATION MASTER OF HEALTH INFORMATION/ MASTER OF INFORMATION SYSTEM PGDCA |
| 9 | बी.एस.सी. नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर | Pharmacology -1 | 10 घंटे | 01 | M. PHARMA |
| 10 | | Pathology-1 | 10 घंटे | 01 | POST GRADUATE QUALIFICATION IN REQUISITE COURSE M.SC. IN MICROBIOLOGY POST GRADUATE QUALIFICATION IN REQUISITE COURSE |
| 11 | | Applied Microbiology | 40 घंटे | 01 | MSC IN MICROBIOLOGY |
| 12 | बी.एस.सी. नर्सिंग चतुर्थ सेमेस्टर | Pathology -11 & Genetics | 10 घंटे | 01 | POST GRADUATE QUALIFICATION IN REQUISITE COURSE |
| 13 | | Pharmacology-11 | 30 घंटे | 01 | M. PHARMA |
| 15 | एम.एस.सी. नर्सिंग प्रथम वर्ष | Statistics | 50 घंटे | 01 | MSC IN MATH/STATISTICS |

उक्त पदों से संबंधित नियम एवं शर्तें तथा आवेदन पत्र कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकनार्थ चस्पा है । तथा इच्छुक आवेदक कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र तथा नियम शर्तें की प्रति प्राप्त कर सकते है ।

प्रभारी प्राचार्या
स्व. श्रीमती सुधा देवी स्मृति
नर्सिंग महाविद्यालय, कबीरधाम (छ.ग.)

G-242502724/3

खबर संक्षेप

## नवंबर में एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लाएगी आईपीओ

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी की अनुषंगी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी 10,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए नवंबर के पहले सप्ताह में आईपीओ ला सकती है।एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी ने आईपीओ के जरिये 10,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए सेबी के पास पिछले सप्ताह दस्तावेज दाखिल किए थे।

## एनबीसीसी को मिला दरभंगा एम्स निर्माण का ठेका




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीसीसी की इकाई एचएससीसी को बिहार के दरभंगा में एम्स अस्पताल के निर्माण का 1,261 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड को हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से दरभंगा एम्स की स्थापना का ठेका मिला है।

## आईनॉक्स विंड ने किया आईसीआईसीआई से करार




**नई दिल्ली।** पवन ऊर्जा समाधान प्रदाता आइनॉक्स विंड ने आईसीआईसीआई बैंक की अगुवाई वाले एक 'कंसोर्टियम' के साथ 2,200 करोड़ रुपये की वित्त सुविधा के लिए समझौता किया है। अग्रणी बैंक (आईसीआईसीआई बैंक) द्वारा किए गए कार्यशील पूंजी मूल्यांकन के अनुसार इस सीमा बढ़ाकर 2,400 करोड़ रुपये किए जाने की संभावना है।

## अदाणी टोटल गैस के शेयर में छह प्रतिशत का उछाल




**नई दिल्ली।** अदाणी टोटल गैस लिमिटेड के शेयर में सोमवार को छह प्रतिशत का उछाल आया। कंपनी को अपने कारोबार के विस्तार के लिए वैश्विक ऋणदाताओं से 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का वित्तपोषण मिलने के कारण यह तेजी आई। बीएसई पर कंपनी का शेयर 6.02 प्रतिशत बढ़कर 836.10 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 8.37 प्रतिशत बढ़कर 854.65 रुपये के भाव पर पहुंच गया था। एनएसई पर कंपनी का शेयर 5.19 प्रतिशत बढ़कर 829.70 रुपये पर बंद हुआ।

# प्याज की कीमतें काबू रखने सरकार ने 'बफर स्टॉक' से बिक्री बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सरकार ने हाल ही में निर्यात शुल्क हटाए जाने के बाद खुदरा कीमतों में आए उछाल के मद्देनजर थोक बाजारों में 'बफर स्टॉक' से बिक्री बढ़ाकर प्याज की कीमतों पर अंकुश लगाने के अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने सोमवार को कहा कि केंद्र ने दिल्ली और अन्य प्रमुख शहरों के थोक बाजारों में अपने 'बफर स्टॉक' (भंडार) से प्याज निकालना शुरू कर दिया है। सरकार की योजना पूरे देश में सब्सिडी वाले प्याज की खुदरा बिक्री की है।

### 35 रुपए प्रति किलो की दर पर बिक्री

खरे ने कहा, 'निर्यात शुल्क हटाने के बाद हमें कीमतों में उछाल का अनुमान था। हमारे 4.7 लाख टन के 'बफर स्टॉक' और खरीफ की बुवाई के बढ़े हुए रकबे के साथ हमें उम्मीद है कि प्याज की कीमतें नियंत्रण में रहेंगी।' सरकार समूचे भारत में 35 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर प्याज की खुदरा बिक्री बढ़ाने की योजना बना रही है।

**हाल में निर्यात शुल्क हटाए जाने से खुदरा कीमतों में आया उछाल**

### जरूरत पड़ने पर सरकार करेगी हस्तक्षेप

खाद्य तेलों के संबंध में उन्होंने हाल ही में आयात शुल्क वृद्धि के बाद कीमतों में बढ़ोतरी की बात को स्वीकार किया और बताया कि यह कदम घरेलू किसानों की सुरक्षा के लिए उठाया गया है। टमाटर के बारे में खरे ने कहा कि सरकार रुझानों पर नजर रखेगी और जरूरत पड़ने पर हस्तक्षेप करेगी।

### नेफेड की दुकानों से बेचा जाएगा प्याज

मुंबई तथा चेन्नई में कीमतें क्रमशः 58 रुपये और 60 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई हैं। सरकार दिल्ली और अन्य राज्यों की राजधानियों में मोबाइल वैन और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) तथा भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) की दुकानों के जरिये पांच सितंबर से 35 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से प्याज बेच रही है।



### जहां कीमतें औसत से अधिक उन शहरों पर पहले ध्यान

इनमें उन शहरों पर ध्यान अधिक दिया जा रहा है जहां कीमतें राष्ट्रीय औसत से अधिक हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 22 सितंबर को दिल्ली में प्याज की खुदरा कीमत 55 रुपये प्रति किलोग्राम थी, जो एक साल पहले की समान अवधि में 38 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

### दलहन की कीमतों में स्थिरता की उम्मीद

घरेलू अरहर तथा उड़द उत्पादन के अच्छे रहने और दालों के आयात में वृद्धि के साथ खरे को आने वाले महीनों में दलहन कीमतों में स्थिरता की उम्मीद है। सरकार ने 10 दिन पहले प्याज पर 550 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य हटा दिया था, जबकि कच्चे पाम तेल पर आयात शुल्क बढ़ाकर 20 प्रतिशत और परिष्कृत सूरजमुखी तेल पर 32.5 प्रतिशत कर दिया था।

- जेपीयू की प्रमुख कंपनी एनवीडिया भारत में एआई के अवसर जानने इच्छुक
- एनवीडिया की जीपीयू खंड में 88 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी होने का अनुमान
- भारत दुनिया के कुछ महानतम कंप्यूटर वैज्ञानिकों का देश है

दोनों कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से पीएम मोदी ने की मुलाकात

# प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज गूगल एनवीडिया भारत में बढ़ाएंगी निवेश

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां गूगल और एनवीडिया भारत में अपनी भागीदारी बढ़ाएंगी और देश में कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने पर अधिक ध्यान देंगी। दोनों कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद यह बात कही।

ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एनवीडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जेन्सेन हुआंग ने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा से एआई, भारत के लिए इसकी क्षमता और अवसरों के बारे में जानने के इच्छुक रहे हैं।

### एआई भारत के लिए क्षमता और अवसर

हुआंग ने कहा, "मैंने प्रधानमंत्री के साथ कई बैठकों का आनंद लिया है। वह एक अद्भुत छात्र हैं, और जब भी मैं उनसे मिलता हूं, तो वह प्रौद्योगिकी, एआई, भारत के लिए क्षमता और अवसर, भारतीय समाज और उद्योग पर प्रभाव के बारे में जानना चाहते हैं।"

### एआई वर्कलोड के लिए भारी मांग

एनवीडिया की जीपीयू खंड में 88 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी होने का अनुमान है। इसकी दुनियाभर में एआई वर्कलोड के लिए भारी मांग है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के कुछ महानतम कंप्यूटर वैज्ञानिकों का देश है, जहां शानदार अवसर हैं।




### मोदी कंपनियों के सीईओ से मिले



यह बैठक मोदी की तीन दिन की अमेरिकी यात्रा के दूसरे चरण के दौरान रविवार को 'लोटे न्यूयॉर्क पैलेस' होटल में हुई। प्रधानमंत्री ने एआई, क्वॉन्टम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी पर काम करने वाली अमेरिकी कंपनियों के सीईओ के साथ गोलमेज बैठक में भाग लिया।

### भारत में एआई में मजबूती से निवेश

पिचाई ने कहा, "उन्होंने हमें स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कृषि में अनुप्रयोगों के बारे में सोचने की चुनौती दी, और वे भारत के बुनियादी ढांचे के बारे में भी सोच रहे हैं, चाहे वह डेटा सेंटर हो, बिजली हो, ऊर्जा हो। वह भारत में बदलाव करने के लिए निवेश कर रहे हैं। हम भारत में एआई में मजबूती से निवेश कर रहे हैं, और हम इससे अधिक करने के लिए तत्पर हैं।"

### एआई एक नया उद्योग



हुआंग ने कहा, "कृत्रिम मेधा भी एक नया उद्योग है, एक नया विनिर्माण उद्योग है। मैं इसे संभव बनाने के लिए भारत के साथ बहुत गहराई से साझेदारी करने के लिए उत्सुक हूं। भारत के साथ हमारी कई साझेदारियां हैं। हम भारत को हमारी सबसे उन्नत प्रौद्योगिकियों तक पहुंच बनाने में मदद कर रहे हैं।"

### गूगल एआई के क्षेत्र में और काम करे : मोदी

पिंचाई ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गूगल से एआई के क्षेत्र में और अधिक काम करने के लिए कहा और वह यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि एआई भारत के लोगों को लाभ पहुंचाए। पिचाई के मुताबिक, एआई द्वारा पैदा होने वाले अवसरों के संबंध में उनके पास स्पष्ट नजरिया है, लेकिन वह यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि अंततः एआई भारत के लोगों को लाभ पहुंचाए।

### कंपनियों को किया प्रेरित

गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने डिजिटल इंडिया दृष्टिकोण के साथ भारत को बदलने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और कंपनी को भारत में निर्माण और डिजाइन करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# वायदा व विकल्प खंड में 91 फीसदी कारोबारियों को हुआ नुकसान : सेबी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वायदा एवं विकल्प खंड में बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 91 प्रतिशत यानी 73 लाख व्यक्तिगत कारोबारियों को नुकसान हुआ है। इन कारोबारियों को औसतन 1.2 लाख प्रति व्यक्ति का शुद्ध घाटा हुआ।



- वित्त वर्ष 2023-24 में 73 लाख कारोबारियों को नुकसान

बाजार नियामक सेबी के सोमवार को जारी एक अध्ययन में यह कहा गया है। इसके अलावा, वायदा एवं विकल्प खंड से जुड़े एक करोड़ से अधिक व्यक्तिगत कारोबारियों में से 93 प्रतिशत को तीन साल यानी वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान प्रति कारोबारी औसतन लगभग दो लाख रुपये (लेन-देन लागत सहित) का नुकसान हुआ। इस अवधि के दौरान ऐसे कारोबारियों का कुल घाटा 1.8 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। वित्त वर्ष 2023-24 में ही कारोबारियों को कुल मिलाकर लगभग 75,000 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ।

### कारोबारियों की संख्या दो साल में हुई दोगुनी

दूसरी ओर, केवल 7.2 प्रतिशत व्यक्तिगत कारोबारियों ने तीन साल की अवधि में लाभ कमाया और केवल एक प्रतिशत व्यक्तिगत कारोबारी लेनदेन लागत के समायोजन के बाद एक लाख रुपये से अधिक मुनाफा कमाने में कामयाब रहे। इसके अलावा, खुदरा कारोबारियों या व्यक्तिगत कारोबारियों की संख्या दो साल में लगभग दोगुनी होकर वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग 96 लाख हो गई जो 2021-22 में करीब 51 लाख थी।

## सहेली ज्वेलर्स स्पेशल रेट महोत्सव सोने एवं डायमंड के हुए प्राइस ड्रॉप

**रायपुर।** सहेली ज्वेलर्स ग्राहकों के लिए बाज़ार में खरीदी और बुकिंग के लिए आगामी त्योहार भीड़ से बचने के लिए सुनहरा अवसर लेकर आया है। इस फेस्टिव सीजन में ज्वेलरी खरीद पर बंपर डिस्काउंट पाने का अंतिम और सुनहरा मौके हाथ से न जाने दें। 19 सितंबर से 1 अक्टूबर 2024 तक चलने वाले इस 'सहेली ज्वेलर्स स्पेशल रेट महोत्सव' में आप पा सकते हैं। अपने पसंदीदा सोने और डायमंड ज्वेलरी पर अद्भुत छूट और विशेष दरें। इस महोत्सव के दौरान 24 कैरेट, 22 कैरेट, और 18 कैरेट गोल्ड पर विशेष रेट्स उपलब्ध होंगे, जो इस त्योहारी सीजन में ग्राहकों के लिए सुनहरा अवसर साबित हो सकता है। 22 कैरेट गोल्ड पर मार्केट रेट से 2500- 3000 तक का भारी डिस्काउंट भी दिया जा रहा है। इसके साथ ही, सभी



डायमंड ज्वेलरी पर 5000 की शानदार छूट दी जा रही है। यह मौका उन सभी के लिए है जो अपनी पसंद की ज्वेलरी खरीदना चाहते हैं, चाहे वो गोल्ड हो या डायमंड।

### रविवार को भी खुले रहेंगे शॉप

ग्राहकों को ख़रीदारी में किसी भी तरह की असुविधा न हो इसलिए सहेली ज्वेलर्स के सभी स्टोर्स रविवार को भी खुले रहते हैं। आप सहेली ज्वेलर्स को सदर बाजार, रायपुर और श्री शिवम मॉल, दुर्ग में विजिट कर सकते हैं और इस विशेष ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।

## डोम्स इंडस्ट्रीज ने यूनिक्लान में आधी हिस्सेदारी खरीदी

**नई दिल्ली।** स्टेशनरी कंपनी डोम्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने बेबी डायपर, वाइप्स तथा स्वच्छता उत्पाद बनाने वाली कंपनी यूनिक्लान हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड में 51.77 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी 54.88 करोड़ रुपये में खरीदी है। लेनदेन के तहत कंपनी ने कुल 54.88 करोड़ रुपये के लिए 71,16,080 शेयर हासिल किए हैं। इनमें से 28.88 करोड़ रुपये प्राथमिक निवेश के लिए होंगे जिसका इस्तेमाल क्षमता विस्तार, ऋण भुगतान तथा यूनिक्लान द्वारा कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा।

# सोना 600 रुपए चढ़ा, चांदी में 1,000 रुपए की गिरावट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने का भाव सोमवार को 600 रुपये चढ़कर 76,950 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।

पिछले कारोबारी सत्र में बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 76,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव भी 600 रुपये बढ़कर 76,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 76,000 रुपये था। सूत्रों ने स्थानीय बाजारों में सोने की कीमतों में तेजी का श्रेय आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की बढ़ती मांग को दिया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की कमजोर मांग के कारण स्थानीय बाजार में सात दिन की तेजी का सिलसिला टूट गया और चांदी 1,000 रुपये गिरकर 90,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।




- सोना चढ़कर 76,950 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी घटकर 90,000 रुपए प्रति किलोग्राम

पिछले सत्र में यह 91,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।दूसरी ओर, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के वायदा कारोबार में अक्टूबर डिलिवरी वाले सोने के अनुबंध का भाव 184 रुपये या 0.25 प्रतिशत बढ़कर 74,224 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।

डॉ.वाशानी
दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

# सेंसेक्स 384 अंक चढ़कर लगातार तीसरे दिन रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी जारी रही और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स लगातार तीसरे दिन 384 अंक की बढ़त के साथ रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी नये शिखर पर बंद हुआ।

विदेशी संस्थागत निवेशकों के बेहतर पूंजी प्रवाह और एशिया के अन्य बाजारों में मजबूत रुख से घरेलू बाजार बढ़त में रहे। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 384.30 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ अपने अबतक के उच्चतम स्तर 84,928.61 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 148.10 अंक बढ़त के साथ नये शिखर 25,939.05 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती से उत्साह बना हुआ है और घरेलू बाजार नये शिखर पर पहुंच गया।



- एनएसई निफ्टी भी नये शिखर पर बंद हुआ
- विदेशी संस्थागत निवेशकों का बेहतर पूंजी प्रवाह रहा

### निवेशकों की संपत्ति 8.30 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती के बाद स्थानीय शेयर बाजार लगातार तीन दिन से नई ऊंचाई को छू रहे हैं। इन तीन दिन के दौरान निवेशकों की संपत्ति 8.30 लाख करोड़ रुपये बढ़ी है। इससे बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) तीन दिन में 8,30,975.85 करोड़ रुपये बढ़कर 4,76,03,923.17 करोड़ रुपये (5,700 अरब डॉलर) पर पहुंच गया है

***इन शेयरों में हुआ मुनाफा :*** *सेंसेक्स की 30 कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा सर्वाधिक 3.29 प्रतिशत के लाभ में रही। इसके अलावा, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स और टाटा स्टील के शेयर भी बढ़त में रहे।*

***नुकसान में रहने वाले शेयर :*** *दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो शामिल हैं।*

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania11@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

उपलब्ध विशेषताएं
- लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
- जनरल मेडीसीन
- ऑर्थोपेडिक्स
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
- ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
- गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# 'भारतीय' शतरंज में प्रगति के जनक: 'स्वर्णिम पीढ़ी' को तराशने में आनंद की भूमिका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्वनाथन आनंद को भरोसा था कि भारत इस बार शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने की स्थिति में होगा। भारतीय शतरंज में कुछ सबसे प्रतिभाशाली युवाओं को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इस दिग्गज ग्रैंडमास्टर को उस समय बहुत खुशी हुई होगी जब देश ने हंगरी के बुडापेस्ट में 45वें शतरंज ओलंपियाड में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीता।

## महिला-पुरुष टीम चैंपियन

विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा, अर्जुन एरिगेसी, विदित गुजराती और पी हरिकृष्णा की मौजूदगी वाली भारतीय पुरुष टीम ने ओपन वर्ग में स्वर्ण पदक जीता और शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका और उज्बेकिस्तान को पीछे छोड़ा। हरिका द्रोणावल्ली, आर वैशाली, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव ने महिलाओं के वर्ग में कजाखस्तान और अमेरिका की टीमों को पछाड़कर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया।

## प्रगति से आश्चर्यचकित

ओलंपियाड के दौरान फिडे के साथ बातचीत में आनंद ने स्वीकार किया था कि वे गुकेश और प्रज्ञानानंदा जैसे खिलाड़ियों की प्रगति से आश्चर्यचकित हैं। आनंद ने कहा, 'मैंने उन सभी युवाओं को लिया जो 14 वर्ष की आयु से पहले ग्रैंडमास्टर बन गए थे। ईमानदारी से कहूं तो मेरा विचार उन्हें शीर्ष जूनियर से लेकर विश्व विजेता बनने तक समर्थन करना था। मेरे शुरुआती समूह में प्रज्ञानानंदा और गुकेश था, अर्जुन कुछ समय बाद शामिल हुआ। लड़कियों में वैशाली भी थी। क्या मुझे उम्मीद थी कि ये इतनी तेजी से आगे बढ़ेगा? वास्तव में नहीं। क्या मुझे उम्मीद थी कि ऐसा हो सकता है? हां। लेकिन यह अविश्वसनीय है। यह संयोग नहीं है, लेकिन साथ ही यह मेरी अपेक्षाओं से भी बढ़कर है।'



**कास्परोव ने की सराहना**

महान ग्रैंडमास्टर गैरी कास्परोव ने आनंद की सराहना करते हुए कहा था कि 'विशी आनंद के शिष्य धूम मचा रहे हैं'। उन्होंने गुकेश के अप्रैल में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर सबसे कम उम्र में विश्व खिताब का चैलेंजर बनने के बाद यह बात कही थी।

## पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन आनंद बने साक्षी

भारत की दोनों टीमों ने पहली बार स्वर्ण पदक जीता और देश के पहले शतरंज सुपरस्टार आनंद की इसमें भूमिका रही। दोनों टीमों ने चेन्नई में घरेलू सरजमीं पर हुए पिछले ओलंपियाड में कांस्य पदक जीते थे। आनंद को पता था कि उस समय वे स्वर्ण पदक जीतने के करीब पहुंचे थे लेकिन अंतिम चरण में पिछड़ गए। हालांकि ओलंपियाड से पहले साक्षात्कार में पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद ने बुडापेस्ट में दोनों टीमों की खिताब जीतने की क्षमता पर भरोसा जताया था और यह यह सोने पर सुहागा था कि वह हंगरी की राजधानी में इन टीमों द्वारा बनाए गए इतिहास को देखने के लिए वहां मौजूद थे।

## फिडे ने कहा जनक

*गुकेश, प्रज्ञानानंदा, एरिगेसी और वैशाली ने वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी में ट्रेनिंग ली है जिसे 54 वर्षीय आनंद ने चार साल पहले चेन्नई में स्थापित किया था। 18 वर्षीय गुकेश और 19 वर्षीय प्रज्ञानानंदा ने अक्सर कहा है कि वे 'विशी सर' के बिना उस मुकाम पर नहीं पहुंच पाते जहां वे हैं इसलिए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं थी कि अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ ने उन्हें 'भारतीय शतरंज में प्रगति के जनक' के रूप में संबोधित किया।*

## खबर संक्षेप




### तैराक प्रत्याशा रे को एकलव्य पुरस्कार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की उभरती हुए तैराक प्रत्याशा रे को 2024 के प्रतिष्ठित एकलव्य पुरस्कार के लिए चुना गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रत्याशा ने इस साल फरवरी में गुवाहाटी में खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों में चार स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल छह पदक जीते थे। विभिन्न क्षेत्रों से चुने गए जूरी सदस्यों वाली एकलव्य पुरस्कार समिति ने यहां एक बैठक में सर्वसम्मति से प्रत्याशा का चयन किया। प्रत्याशी को एक समारोह में प्रशस्ति पत्र के साथ सात लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

### ऑस्ट्रेलिया ने टोनी को बनाया मुख्य कोच

**सिडनी।** फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया ने एशियाई चैंपियंस लीग के पूर्व विजेता कोच टोनी पोपोविक को 2026 विश्व कप तक ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। पोपोविक (51 वर्ष) ने ग्राहम अर्नोल्ड की जगह ली, जिन्होंने विश्व कप क्वालीफिकेशन में खराब शुरुआत के बाद पिछले हफ्ते पद छोड़ दिया था। पोपोविक ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'मैं सॉकरोस (ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल टीम) का मुख्य कोच के रूप में नेतृत्व करने का यह अवसर पाकर बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं।'



### पहली बार ओलंपियाड जीतने की खुशी

**नई दिल्ली।** अनुभवी डी हरिका को प्रतिष्ठित शतरंज ओलंपियाड खिताब जीतने के अपने सपने को साकार करने के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा लेकिन उन्हें बुडापेस्ट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के बाद भी इस खिताब को जीतने की खुशी है। भारत ने रविवार को शतरंज ओलंपियाड में इतिहास रच दिया जब उसकी पुरुष और महिला टीमों ने अंतिम दौर के मैचों में क्रमशः स्लोवेनिया और अजरबैजान को हराकर दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीते।



### टीम यूरोप ने लीवर कप में 13-11 से दर्ज की जीत

**बर्लिन।** चार बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन कार्लोस अल्कारेज ने टेलर फ्रिट्ज को 6-2, 7-5 से हराया जिससे टीम यूरोप ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टीम विश्व को लीवर कप टेनिस टूर्नामेंट में 13-11 से शिकस्त दी। अल्कारेज ने दूसरे सेट के 11वें गेम में अमेरिकी ओपन उप विजेता फ्रिट्ज की सर्विस तोड़ी और फिर अपनी सर्विस बचाकर मैच जीतकर टीम यूरोप की जीत सुनिश्चित की। तीन दिन के मुकाबले के तीसरे और अंतिम दिन के खेल से पहले टीम विश्व 8-4 की बढ़त बनाकर लगातार तीसरा खिताब जीतने के करीब थी।

## टेस्ट : प्रबाथ के 8वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट

# श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को 63 रन से हराया, जयसूर्या ने झटके 5 विकेट

एजेंसी ▶▶| गॉल

बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या के दूसरी पारी में पांच विकेट और मैच में नौ विकेट की मदद से श्रीलंका ने सोमवार को यहां पहले क्रिकेट टेस्ट में न्यूजीलैंड को 63 रन से हरा दिया। श्रीलंका के 275 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड को अंतिम दिन जीत के लिए 68 रन की दरकार थी जबकि उसके सिर्फ दो विकेट शेष थे। मेहमान टीम ने हालांकि 3.4 ओवर में चार रन जोड़कर अपने बाकी बचे दो विकेट भी गंवा दिए और उसकी पारी 211 रन पर सिमट गई।

रविवार के नाबाद बल्लेबाज रचिन रविंद्र (92) अपने स्कोर में सिर्फ एक रन और जोड़कर जयसूर्या की गेंद पर पगबाधा हो गए। रविंद्र ने 168 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके और एक छक्का मारा। जयसूर्या ने अगले ओवर में विलियम ओरोर्के को खाता खोले बिना बोल्ड करके श्रीलंका को जीत दिलाई और टेस्ट क्रिकेट में आठवीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। रविंद्र शतक से चूक गए लेकिन उनके 92 रन गॉल में न्यूजीलैंड की ओर से सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। उन्होंने रोस टेलर को पीछे छोड़ा जिन्होंने 86 रन बनाए थे।



### कीवियों की गॉल में 5वीं टेस्ट हार

न्यूजीलैंड ने गॉल में अपने पांचों टेस्ट गंवाए हैं और इस दौरान उसका कोई बल्लेबाज शतक नहीं लगा पाया। इससे पहले श्रीलंका के पहली पारी में 305 रन के जवाब में न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 340 रन बनाए थे। श्रीलंका ने दूसरी पारी में 309 रन का स्कोर खड़ा करके मेहमान टीम को 275 रन का लक्ष्य दिया। दो मैच की श्रृंखला का दूसरा और अंतिम टेस्ट गुरुवार से गॉल में ही खेला जाएगा।

### डब्लूटीसी : तीसरे स्थान पर पहुंचा श्रीलंका

श्रीलंका ने 2019 के बाद किसी टेस्ट में न्यूजीलैंड को शिकस्त दी है। इस जीत के बाद श्रीलंकाई टीम को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में फायदा पहुंचा है। श्रीलंका ने मौजूदा चक्र में अब तक कुल 8 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 4 मैच जीते हैं और इतने ही मुकाबले हारे हैं। 50.00 प्रतिशत अंको के साथ श्रीलंकाई टीम अब तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। दूसरी तरफ न्यूजीलैंड ने डब्लूटीसी 2023-25 में अब तक 7 मैच खेले हैं, जिसमें 3 मैच जीते हैं और 4 में हार झेली है। कीवी टीम 42.85 प्रतिशत अंकों के साथ चौथे स्थान पर खिसक गई है। भारतीय टीम ने फिलहाल वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप 2023-25 में कुल 10 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 7 में जीत दर्ज की है। इस बीच 2 टेस्ट भारत हारा है और 1 टेस्ट ड्रॉ रहा है। शीर्ष पर मौजूद भारत के अब 71.67 प्रतिशत अंक हैं।

## अंडर-19 क्रिकेट

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से रौंदा, साहिल का नाबाद शतक

**भारतीय टीम ने वनडे सीरीज में 2-0 की बनाई बढ़त**



एजेंसी ▶▶| पुडुचेरी

सलामी बल्लेबाज साहिल परख के आक्रामक नाबाद शतक की मदद से भारत अंडर-19 टीम ने सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराकर तीन युवा एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली।

साहिल ने 75 गेंद में 14 चौकों और पांच छक्कों से नाबाद 109 रन की पारी खेली जिसकी बदौलत भारतीय टीम ने 177 रन के लक्ष्य को सिर्फ 22 ओवर में हासिल कर लिया। भारत ने शनिवार को पहला मैच सात विकेट से जीता था। रुद्र पटेल (10) के जल्द पवेलियन लौटने के बाद मुंबई के 19 साल के साहिल ने अभिज्ञान कुंडू (नाबाद 53, 50 गेंद, नौ चौके) के साथ 153 रन की साझेदारी करके मेजबान टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इससे पहले तेज गेंदबाज समर्थ नागराज के अलावा लेग स्पिनर मोहम्मद इनान और ऑफ स्पिनर किरण चोरमाले ने भी दो-दो विकेट चटकाए जिससे ऑस्ट्रेलिया की टीम 49.3 ओवर में 176 रन पर सिमट गई।

# मुंबई की कमान संभालेंगे रहाणे श्रेयस और शार्दुल भी आएंगे नजर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ईरानी कप में मुंबई का सामना रेस्ट ऑफ इंडिया से होगा। टूर्नामेंट में श्रेयस अय्यर और शार्दुल ठाकुर भी खेलते हुए नजर आएंगे। 1 से 5 अक्टूबर तक लखनऊ में होने वाले इस मैच के लिए मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने अपनी टीम का एलान नहीं किया है। हालांकि, अजिंक्य रहाणे मुंबई की कप्तानी करते नजर आएंगे। रहाणे की कप्तानी में ही मुंबई ने इस साल की शुरुआत में रिकॉर्ड 42वीं रणजी ट्रॉफी जीती थी। अब टीम की नजर ईरानी कप जीतने पर होगी। उम्मीद है कि एमसीए मंगलवार को टीम की घोषणा करेगा।

- ईरानी कप में मुंबई का सामना रेस्ट ऑफ इंडिया से



### शार्दुल कर रहे हैं वापसी

मुंबई में शार्दुल के आने से टीम की गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाजी मजबूत होगी। जून में टखने की सर्जरी के बाद से ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर क्रिकेट से दूर हैं। उन्होंने हाल ही में केएससीए टूर्नामेंट में भाग लिया था। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के एक शीर्ष अधिकारी के अनुसार, उन्होंने खुद को पांच दिवसीय प्रथम श्रेणी मैच के लिए उपलब्ध कराया है।

### शार्दुल कर रहे हैं वापसी

*मुंबई में शार्दुल के आने से टीम की गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाजी मजबूत होगी। जून में टखने की सर्जरी के बाद से ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर क्रिकेट से दूर हैं। उन्होंने हाल ही में केएससीए टूर्नामेंट में भाग लिया था। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के एक शीर्ष अधिकारी के अनुसार, उन्होंने खुद को पांच दिवसीय प्रथम श्रेणी मैच के लिए उपलब्ध कराया है।*

## स्पेनिश लीग

### बार्सीलोना ने दर्ज की लगातार छठी जीत

**मैड्रिड।** बार्सीलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां विलारीयाल को 5-1 से हराकर लगातर छठी जीत दर्ज की। इस मुकाबले के दौरान हालांकि बार्सीलोना को झटका भी लगा तब उसके कप्तान और गोलकीपर मार्क आंद्रे टेर स्टेगेन के घुटने में गंभीर चोट लगी और उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर जाना पड़ा। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार टेर स्टेगेन स्टेडियम से अस्पताल एंबुलेंस में गए और अस्पताल से वापस व्हीलचेयर पर लौटे।

मौजूदा सत्र में बार्सीलोना ने अब तक हुए छह मुकाबलों में 22 गोल किए हैं जबकि उसके खिलाफ सिर्फ पांच गोल हुए हैं।

### दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को क्लीन स्वीप करने से रोका

शारजाह। दक्षिण अफ्रीका ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सात विकेट से जीत दर्ज करके अफगानिस्तान को श्रृंखला में सूपड़ा साफ करने से रोका दिया। एडेन मार्कराम की नाबाद 69 रन की पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17 ओवर शेष रहते तीन विकेट पर 170 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। अफगानिस्तान की टीम इससे पहले 34 ओवर में सिर्फ 169 रन पर ढेर हो गई। अफगानिस्तान ने श्रृंखला 2-1 से जीती।

# भांबरी, नेदुनचेझियान-प्रशांत ने फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के जीवन नेदुनचेझियान, विजय सुंदर प्रशांत और युकी भांबरी ने सोमवार को चीन में खेले जा रहे दो अलग-अलग एटीपी टूर्नामेंट के पुरुष युगल के फाइनल में जगह बनाई। जीवन और विजय की गैर वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने हांगझोउ ओपन के सेमीफाइनल में एरियल बेहार (उरुग्वे) और रॉबर्ट गैलोवे (अमेरिका) की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी के खिलाफ पहले सेट में करारी हार के बाद शानदार वापसी की तथा एक घंटे और 11 मिनट के रोमांचक मुकाबले में 0-6, 6-2, 10-4 से जीत हासिल की। फाइनल में जीवन और विजय का मुकाबला कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्ज़ेन और हेंड्रिक जेबेंस की गैरवरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी से होगा।



उन्होंने रिंकी हिजिकाटा (ऑस्ट्रेलिया) और मैकेंज़ी मैकडोनाल्ड (अमेरिका) से वॉकओवर मिलने के बाद फाइनल में जगह बनाई। इस बीच चेंगदू ओपन में युकी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटल की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे और 31 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में क्रोएशिया के इवान डोडिग और ब्राजील के राफेल माटोस को 6-3, 7-6 से हराया। फाइनल में युकी और अल्बानो का मुकाबला सादियो डौम्बिया और फैबियन रेबौल की शीर्ष वरीयता प्राप्त फ्रांसीसी जोड़ी से होगा, जिन्होंने सेमीफाइनल में मिगुएल रेयेस-वरेला और जॉन-पैट्रिक स्मिथ को 4-6, 6-3, 12-10 से हराया।

## शोक-संदेश



**श्रीमती गंगा देवी अग्रवाल जी**

स्वर्गीय निरंजन लाल जी अग्रवाल की धर्मपत्नी
**श्रीमती गंगा देवी अग्रवाल** का निधन कल 23 सितम्बर 2024 को 93 वर्ष की आयु में हो गया है।
चर्तुभुज, गोपाल, सुभाष, विनोद, प्रहलाद, अशोक एवं सुमित्रा, सावित्री की माता जी थी।
इनकी अंतिम यात्रा आज दोपहर 3 बजे इनके निवास 'नीर गंगा' वीआईपी रोड से मारवाड़ी मुक्तिधाम जाएगी।

VANDANAA
VISION BEYOND TOMORROW

- वन्दना ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज
- श्री रामस्वरूप दास निरंजनलाल धर्मशाला
- गंगा डायग्नोस्टिक एवं मेडिकल सेंटर

निवास -
'नीर गंगा', वीआईपी स्ट्रीट
(होटल ग्रैंड इम्पीरियल वाली गली)
वीआईपी रोड, रायपुर (छ.ग.)




# प्राकृतिक सौंदर्य और संस्कृति का अनूठा संगम है ये शहर, ऑउटडोर रोमांच और बेमिसाल मंदिरों का है स्वर्ग

एजेंसी ▶▶| टोक्यो

जापान का नागानो ऐतिहासिक मंदिरों, स्वादिष्ट सोबा नूडल्स और सुंदर चेरी फूलों वाला एक सांस्कृतिक केंद्र है। यह प्राकृतिक सुंदरता, आउटडोर रोमांच और समृद्ध सांस्कृतिक अनुभवों का मिश्रण प्रदान करता है। कुदरती नजारों और पारंपरिक शिल्प से लेकर स्वादिष्ट व्यंजनों और आध्यात्मिक स्थलों तक, यह सभी के लिए एक प्रमुख डेस्टिनेशन है। नागानो, जापानी आल्प्स के दिल में बसा एक खूबसूरत शहर है। नागानो अपने आश्चर्यजनक नजारों, शांत गर्म झरनों और विश्व स्तरीय स्कीइंग के लिए जाना जाता है।

### जादुई पर्वतीय चोटियां

नागानो के आसपास खूबसूरत कदरती नजारों के भरमार है। शहर जापानी आल्प्स पर्वतों के दिल की तरह है, जहां के भूभागों के शानदार नजारे, शांत झीलें, जादुई पर्वतीय चोटियां, हरे भरे जंगल दिखाई देते हैं। यहं के कुदरती गर्म झरनों को ओन्सेन्स कहा जाता है जिनके खनिजों से भरपूर पानी में स्वास्थ्य ठी करने की क्षमताएं बताई जाती हैं। इसके अलावा नागानो चेरी ब्लॉसम देखने के लिए एक लोकप्रिय डेस्टिनेसन हैं। वसंत के दौरान, शहर के पार्क और उद्यान सुंदर चेरी फूलों से सजे मिलते हैं।



### 1400 साल पुराना मंदिर

नागानो कुदरती खूबसूरती के अलावा सुंदर मंदिरों और मजारों के लिए भी जाना जाता है। सुंदर तोगाकुशी तीर्थस्थल से लेकर शांत जेनकोजी मंदिर तक, नागानो में वास्तुकला से समृद्ध धार्मिक विरासत को दर्शाते हैं। जेनकोजी मंदिर 1400 साल से भी ज़्यादा पुराना है। यह जापान के सबसे महत्वपूर्ण बौद्ध मंदिरों में से एक है। यह पूरे देश से तीर्थयात्रियों को आकर्षित करता है।



### खूबसूरत पर्वत श्रृंखला

नागानो आउटडोर एक्टिविटीज पसंद करने वालों के लिए एक स्वर्ग है। अपनी खूबसूरत पर्वत श्रृंखलाओं के साथ, नागानो लंबी वॉकिंग, स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग और अन्य साहसिक गतिविधियों के लिए खूब मौके देता है। नागानो ने 1998 में शीतकालीन ओलंपिक की मेजबानी की थी। तब खेलों ने शहर के नजारे और विश्व स्तरीय शीतकालीन खेल सुविधाओं का प्रदर्शन किया था।

### उत्सवों की संस्कृति वाला शहर

नागानो खाने के शौकीनों के लिए स्वर्ग है। शिंशु सोबा, ओयाकी पकौड़ी और हिदा बीफ जैसे स्वादिष्ट स्थानीय व्यंजनों से लेकर नागानो में हर स्वाद को संतुष्ट करने के लिए कई तरह के लजीज व्यंजन मिलते है। यह शहर अपने बकव्हीट नूडल्स की गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध है, जिसे सोबा के नाम से जाना जाता है। शहर की उपजाऊ मिट्टी बेहतरीन किस्म के सेब पैदा करती है, और पर्यटक भी ताज़े सेब चुनने, सेब पाई, सेब का रस और अन्य सेब आधारित व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं। नागानो उत्सवों की संस्कृति वाला शहर है। शहर में साल भर कई उत्सव मनाए जाते हैं, जिनमें प्रसिद्ध नागानो मात्सुरी भी शामिल है, इसमें जीवंत परेड, पारंपरिक प्रदर्शन और आतिशबाजी होती है।

चमत्कार


# तिरुपति बालाजी मंदिर की रहस्यमयी बातें, वैज्ञानिक भी नहीं सुलझा पाए

बालाजी का चमत्कारिक और रहस्यमयी मंदिर भारत समेत पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में चमत्कारिक और रहस्यमयी मंदिर हैं। मंदिर के रहस्यों का अभी तक वैज्ञानिक भी नहीं पता लगा पाए हैं। इन रहस्यमयी मंदिरों में से एक दक्षिण भारत में स्थित भगवान तिरुपति बालाजी का मंदिर भी है। भगवान तिरुपति बालाजी का चमत्कारिक और रहस्यमयी मंदिर भारत समेत पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। भगवान विष्णु को समर्पित यह मंदिर भारतीय वास्तु कला और शिल्प कला का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह खूबसूरत मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरुमला पर्वत पर स्थित है और यह भारत के मुख्य तीर्थ स्थलों में से एक है।

भगवान तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में मिलने वाला लड्डू इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रसाद में इस्तेमाल होने वाले घी की जांच रिपोर्ट सामने आई है। इसमें मछली के तेल और जानवरों की चर्बी मिलाने के इस्तेमाल की पुष्टि हुई है। इस पूरे घटनाक्रम के बाद अब विवाद खड़ा हो गया है। इस घटना के बीच आज हम आपको भगवान तिरुपति बालाजी मंदिर से जुड़े रहस्यों के बारे में बताते हैं।





### भगवान की प्रतिमा को आता है पसीना

तिरुपति बाला मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर की प्रतिमा अलौकिक है। यह विशेष पत्थर से बनी है। यह प्रतिमा इतनी जीवंत है कि ऐसा प्रतीत होता है जैसे भगवान विष्णु स्वयं यहां विराजमान हैं। भगवान की प्रतिमा को पसीना आता है, पसीने की बूंदें देखी जा सकती हैं। इसलिए, मंदिर में तापमान कम रखा जाता है। श्री वेंकटेश्वर स्वामी के मंदिर से 23 किलोमीटर की दूरी पर एक गांव है। जहां गांव वालों के अलावा कोई बाहरी व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सकता।

### प्रतिमा पर पचाई कपूर का नहीं पड़ता है कोई प्रभाव

भगवान वेंकेटेश्वर की प्रतिमा पर पचाई कपूर लगाया जाता है। कहा जाता है कि यह कपूर किसी भी पत्थर पर लगाया जाता है तो पत्थर में कुछ समय में दरारें पड़ जाती हैं। लेकिन भगवान बालाजी की प्रतिमा पर पचाई कपूर का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। मंदिर में मुख्य द्वार के दरवाजे पर दाईं तरफ एक छड़ी है। इस छड़ी के बारे में मान्यता है कि बाल्यावस्था में इस छड़ी से ही भगवान वेंकेटेश्वर की पिटाई की गई थी जिसकी वजह से उनकी ठुड्डी पर चोट लग गई थी।

### मूर्ति पर लगे हैं असली बाल, मुलायम रहते हैं हमेशा

बताया जाता है कि भगवान वेंकटेश्वर स्वामी की मूर्ति पर बाल लगे हैं जो असली हैं। यह बाल कभी भी उलझते नहीं हैं और हमेशा मुलायम रहते हैं। मान्यता है कि यहां भगवान विष्णु खुद विराजमान हैं। जब आप मंदिर के गर्भ गृह में प्रवेश करेंगे तो ऐसा लगेगा कि भगवान श्री वेंकेटेश्वर की मूर्ति गर्भ गृह के मध्य में है। लेकिन, आप जैसे ही गर्भगृह के बाहर आएंगे तो चौंक जाएंगे, क्योंकि बाहर आकर ऐसा प्रतीत होता है कि भगवान की प्रतिमा दाहिनी तरफ स्थित है। अब यह सिर्फ भ्रम है या कोई भगवान का चमत्कार इसका पता आज तक कोई नहीं लगा पाया है। मान्यता है कि भगवान के इस रूप में मां लक्ष्मी भी समाहित हैं, जिसकी वजह से श्री वेंकेटेश्वर स्वामी को स्त्री और पुरुष दोनों के वस्त्र पहनाने की परम्परा है।

## बच्चों ने 'अनाकोंडा' को बना डाला खिलौना कूद-कूदकर की सवारी



लंदन। सांप जैसे खतरनाक जीव को देखकर ही लोग डर जाते हैं। वहीं अगर विशालकाय सांपों की बात करें, तो ये जहरीले नहीं होते हैं, पर इतने ताकतवर रहते हैं कि तोड़-मरोड़कर किसी को भी दर्दनाक मौत दे दें। यही वजह है कि लोग सांप का नाम सुनकर ही डर से कांप उठते हैं। वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि एक विशालकाय अजगर ज़मीन पर रेंग रहा है। हैरानी की बात ये है कि अजगर अकेला नहीं है, बल्कि उस पर दो बच्चे कूद-कूदकर सवारी करते हुए दिख रहे हैं। जैसे-जैसे अजगर आगे सरकता है, बच्चे उस पर उछलकर बैठते जा रहे हैं। अजगर भी बच्चों को कुछ कह नहीं रहा है और उनकी धमाचौकड़ी झेल रहा है।

अंतिम 6 दिन
SAVE UN-LIMITED
UP TO 50 % LESS
सूटिंग्स, शर्टिंग्स, साड़ियाँ, मैचिंग्स, ड्रेस मटेरियल्स, सलवार सूट्स, बेड शीट्स, टॉवेल, नेपकीन
SUNDAY OPEN
महेन्द्र कम्पनी
मोदी सन्स
मालवीय रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 4049406/7/8

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
डॉ. विजय अग्रवाल
एम.डी.एस. ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन
उपलब्ध सुविधाएं
• चेहरे की चोट एवं टूटे हुए जबड़ों का इलाज
• चेहरे की जन्मजात विकृतियों का इलाज
• गुटखा खाने के कारण मुंह के कम खुलने का इलाज
• लार के ग्रंथियों की विभिन्न बीमारीयों का इलाज
• छोटे - बड़े एवं जबड़ों के ट्रेपन का इलाज
• मुंह एवं चेहरे के कैंसर का इलाज
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.) मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.) मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.) मो. 8370008558
#Rajesh

## 17 लाख करने होंगे खर्च, और यह परमाणु बंकर हो जाएगा आपका



**वॉशिंगटन।** पुरानी इमारतें अपने बड़े और अनोखे अंदाज के लिए जानी जाती हैं। इनके बिकाउ होना कोई नई बात नहीं है। पर क्या आपने कभी सुना है कि कोई बंकर बिकाऊ है? ऐसा कम होता है, लेकिन एक बंकर के ऑनलाइन बिकाउ होने पर चर्चा में आया है। इस ऐतिहासिक परमाणु बंकर ने लोगों में काफी दिलचस्पी पैदा कर दी है। रॉयल ऑब्जर्वर कॉर्प्स का बंकर, 1950 के दशक के युद्ध के बाद के युग में बनाया गया था, यह अब तक बने केवल 1,500 बंकरों में से एक है।

यूके के पीक डिस्ट्रिक्ट के किनारे बक्सटन के पास वर्महिल गांव में 14 फीट भूमिगत स्थित, बंकर को बेहतरीन स्थिति में, साफ और सूखा' बताया जाता है, जिसमें कुछ 'दिलचस्प चीजें अपने मूल स्वरूप में अब भी बरकरार हैं।

### 1993 में बंद कर दिया गया

रिपोर्ट में आगे कहा गया है, 'यह विशेष साइट 1950 के दशक में निर्मित कई साइटों में से एक थी और इसे तीन पर्यवेक्षकों को परमाणु हमले से बचने के लिए सुरक्षात्मक आवास प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया था, उनसे परमाणु विस्फोटों और परमाणु हमले के परिणामों पर रिपोर्ट करने की उम्मीद की गई थी। 'इनमें से अधिकांश साइटों को 1993 में बंद कर दिया गया और बेच दिया गया और हमें बताया गया है कि कई को दूरसंचार कंपनियों ने खरीद लिया है और अब वे मोबाइल फ़ोन टावर के लिए साइट हैं।' यह बंकर करीब 16,65,000 रुपए में ऑनलाइन ब्रिक्री के लिए उपलब्ध है।

कैंसर सर्जरी
पश्चात अंगों का पुन:निर्माण
(जबड़ा, स्तन व अन्य)
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
स्पाईन विभाग
• रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
• रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
• डिस्क प्रोलेप्स
• पीठ दर्द एवं कमर दर्द
• सायटिका • Spine TB (Pott's Spine)
एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा.
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

असहनीय दर्द
सूजन
ऐठन
बैद्यनाथ नागपूर असली आयुर्वेद
महारास्नादि काढ़ा
(गुग्गुल युक्त)
वात रोगों में दर्द से छूटकारा दिलाने में सहायक।
बदलते मौसम के कारण वातरोगों कि शिकायते काफी बढ़ जाती है ऐसे समय लिजीये बैद्यनाथ महारास्नादि काढा एवं योगराज गुग्गुलु यह जोडों का दर्द, सुजन, ऐठन आदि को दूर करने में सहायक है।
Baidyanath Maharasnadi Kadha (With Guggulu)
वैद्यकीय सलाह : 844 844 4935 www.baidyanath.co

## अनोखी है बंदर और पुलिस अफसर की दोस्ती, हर तरफ हो रही चर्चा




**लखनऊ।** पुलिसकर्मियों को आमतौर पर सख्त स्वभाव वाला माना जाता है, और उनके काम की प्रकृति भी ऐसी होती है कि उनमें सख्ती आना स्वाभाविक है। लेकिन, आजमगढ़ के अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र लाल इस धारणा को बदलते नजर आ रहे हैं। इंसानों के साथ-साथ जानवरों के प्रति उनके प्रेम ने उन्हें न सिर्फ जिले में बल्कि, पूरे प्रदेश में चर्चित बना दिया है।

**शैलेंद्र लाल का बंदरों से है खास लगाव :** अक्सर सोशल मीडिया पर उनका बंदरों के साथ खेलते हुए वीडियो वायरल होता रहता है। वह ऑफिस जाने से पहले अपना समय बंदरों के साथ बिताना पसंद करते हैं और उन्हें मूंगफली खिलाते हैं। उनके सरकारी आवास के पास कई बंदर रहते हैं, जो दिनभर उनके घर के आसपास खेलते-कूदते नजर आते हैं। खाली समय में बंदरों के साथ समय बिताना उनके लिए सबसे प्रिय गतिविधियों में से एक है।

### पशु प्रेम में पत्नी भी साथ

अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र लाल के पशु प्रेम में उनकी पत्नी भी साथ देती हैं। उन्हें भी बंदरों से विशेष लगाव है। हाल ही में, कुछ लोगों ने बंदरों को मारने की कोशिश की थी, जिससे एक बंदर घायल हो गया था। शैलेंद्र और उनकी पत्नी ने उस घायल बंदर का इलाज करवाया और उसे सुरक्षित रखा। उन्होंने अपने आवास पर बंदरों के लिए पानी की भी व्यवस्था की हुई है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही लोगों ने शैलेंद्र लाल की जमकर तारीफ की, और उनकी पशु प्रेमी छवि की सराहना की।



E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP.

VISHWABHARTI AUTOMOBILES RAIPUR: MOWA: 6262620000, 6262620012, 6262620047. BASNA: 6262620031. ARANG: 6262620007/14.

HDN MOTORS RAIPUR: TATIBANDH: 7909800007, 7909800005. BAGBAHRA: 7909800034. KURUD: 7909800050. SIMGA: 7909800070.

CHOUHAN AUTOMOBILES BHILAI: 7222910011, 22, 33. KAWARDHA :7222910044. BEMETERA: 7222910025. BALOD: 7222910012. DALLIRAJHARA: 7222910029.

SPARSH AUTOMOBILES RAIPUR: PACHPEDI NAKA: 9669800435, 9039632618. MAHASAMUND: 8319900585. RAJIM: 9926104449. BHATAPARA: 8269428131. GARIYABAND: 8435119922. PITHORA: 8224949998. CHARODA: 9644824911. DURG: 6202384986. RAJNANDGAON: 9977039992. DONGARGARH: 9827643832. BHILAI: 9111107268, 9294603353. KHAIRAGARH: 9827643832.

SKY AUTOMOBILES RAIPUR: MAHOBA BAZAR: 9893307422, 9584433191. AVANTI VIHAR: 9109900120/9584433131. DHAMTARI: 9893307417. BALODA BAZAR: 9584433123, 9111107004. SARAIPALI: 9584433874. KANKER: 8889998604. KASDOL: 9584433135. SARSIWA: 9584433874. TILDA: 9584465301 KHARORA: 9584465301. ABHANPUR: 9584466869. JAGDALPUR: 9584433110, 9584465281. KONDAGAON: 7909903505.

*Terms and Conditions apply. Terms & Conditions are subject to change without any prior notice. All offers are brought to you by Maruti Suzuki dealers only. Offer valid on select variants and in select states only. Accessories and features shown may not be part of the standard fitment. For more details contact your nearest ARENA dealership. Offers/Savings shown above may change without prior notice. Images used are for illustration purposes only. Appearance of black shade on glass is due to lighting effect. *Ex-showroom price of standard L variant with Waltz Edition Kit in Chhattisgarh. #**Mileage is as per the test result of Rule 115 of CMVR, 1989.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com